रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, बुधवार 12 मार्च 2025, वर्ष 10, अंक 419 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेर, रायपुर से रांची लाने के दौरान पलामू में मारा गया






झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर जो खुद को लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा बताने वाले अमन साहू को झारखंड पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। यह घटना आज सुबह पलामू में हुई जब अमन साहू को रांची पुलिस की टीम रायपुर जेल से पूछताछ के लिए रिमांड पर रांची ला रही थी।

अमन साहू पर कई अपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें रायपुर के तेलीबांधा इलाके में एक कारोबारी के ऑफिस के बाहर गोलीबारी कराने का आरोप भी शामिल है। इस गिरोह के निशाने पर बिल्डर, ट्रांसपोर्टर और कारोबारी होते हैं, जिनसे से रंगदारी वसूलता था। अमन साहू के अपराधिक रिकॉर्ड में हत्या, रंगदारी और किडनैपिंग के मामले दर्ज हैं। गैंगस्टर अमन साहू शासन एवं एवं प्रशासन के लिए सर दर्द बना हुआ था।

अमन साहू की गिरफ्तारी और मौत की जांच के लिए झारखंड पुलिस ने एक टीम का गठन किया है। इस टीम ने अमन साहू के एनकाउंटर की जांच शुरू कर दी है। अमन साहू के एनकाउंटर से अपराध जगत में दहशत फैल गई है। झारखंड पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से अपराधियों में खौफ बढ़ गया है। दिनांक 10 मार्च 2025 को झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने हमारे संवाददाता को बताया था कि राज्य के जेल में बंद तीन बड़े गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिलवाया जाता है इनमें प्रथम नाम अमन दूसरा नाम अमन श्रीवास्तव, तीसरा नाम विकास तिवारी का नाम बताया था।

अमन साहू के अपराधिक रिकॉर्ड की मुख्य बातेंः- हत्याः अमन साहू पर हत्या के कई मामले दर्ज हैं। - रंगदारीः अमन साहू के गिरोह ने कई बिल्डर, ट्रांसपोर्टर और कारोबारियों से रंगदारी वसूली है।

## बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक कीः 30 सैनिक मारे, सेना के ऑपरेशन में 13 विद्रोही ढेर

**आर्मी ने 214 में से 80 बंधक छुड़ाए**



**बलूचिस्तान के बोलान जिले में हुआ हमला जाफर एक्सप्रेस सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इसके पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में हमला हुआ। रात 10 बजे 8 घंटे बाद तक भी ट्रेन पूरी तरह BLA के लड़ाकों के नियंत्रण में है।**

**इस्लामाबाद** पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। अब करीब 24 घंटे बाद सेना के ऑपरेशन में 13 विद्रोहियों को मारा जा चुका है। दरअसल क्वेटा से पेशावर जा रही इस ट्रेन में करीब 500 लोग सवार थे। इन पैसेंजर्स में पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसवाले शामिल थे। BLA ने इन पैसेंजर्स में से 214 को बंधक बना लिया, जबकि 30 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक सिक्योरिटी फोर्सेज ने 80 बंधकों को रिहा करा लिया है। इनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं और 11 बच्चे शामिल हैं। बाकी की रिहाई के लिए ऑपरेशन जारी है। BLA ने बंधक बनाए गए पैसेंजर्स को युद्धबंदी कहा है, और इनके बदले पाकिस्तान की जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादी नेताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। इसके लिए BLA ने मंगलवार रात 10 बजे पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। BLA का कहना है कि यह फैसला बदलेगा नहीं। पिछले साल 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात BLA ने इस ट्रेन के रूट में कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था। इसके चलते ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी। 11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हो गई थी। **पाकिस्तानी मंत्री बोले- ये कायर लड़ाके हैं** पाकिस्तान के गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि सिक्योरिटी फोर्सेज ने कुछ यात्रियों को रिहा कर लिया है। कई लोगों को ट्रेन से उतारकर पहाड़ी इलाकों में ले जाया गया है। BLA के लड़ाके महिलाओं और बच्चों को ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सेना के जवान सावधानी से काम कर रहे हैं क्योंकि इसमें लोगों की जान जाने का खतरा है। ऑपरेशन अभी भी जारी है। ये लड़ाके कायर हैं। वे आसान टारगेट चुनते हैं और छिपकर हमला करते हैं। पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि हम ऐसे जानवरों से कोई समझौता नहीं करेंगे, जिन्होंने बेकसूर यात्रियों पर गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। मंगलवार शाम को पाकिस्तानी सेना ने हमले वाली जगह के लिए एक ट्रेन रवाना की। इसमें सैनिक और डॉक्टरों को भेजा गया। **पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर BLA ने किया अटैक** बलूच लिबरेशन आर्मी ने बोलान के माशकाफ में गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर BLA ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद BLA ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ। इस ट्रेन में सुरक्षाबल, पुलिस और ISI के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने BLA के हमले का जवाब दिया, लेकिन BLA ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया। इस दौरान कई सुरक्षाकर्मी मारे गए। घटना की जानकारी मिलने पर पाकिस्तान आर्मी ने BLA पर जमीनी फायरिंग की और हवा से बम भी बरसाए, लेकिन BLA लड़ाकों ने किसी तरह आर्मी के जमीनी ऑपरेशन को रोक दिया। एक बयान में BLA ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया। हमने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया।

## बिहार में मिड-डे मील से अंडा OUT, अब फ्राइडे को मिलेगा सेब-केला



*बर्ड फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकारी स्कूलों में अब मध्याह्न भोजन में अंडा नहीं दिया जाएगा। इसकी जगह बच्चों को मौसमी फल जैसे सेव या केला मिलेगा। अब तक बिहार के तीन जिलों में बर्ड फ्लू के मामले की पुष्टि हो चुकी है। केंद्रीय*

*__पटनाः__ बिहार में बर्ड फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए, सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत शुक्रवार को दिए जाने वाले अंडे के स्थान पर अब मौसमी फल दिए जाएंगे। बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। मध्याह्न भोजन योजना की निदेशक साहिला ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह कदम केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की ओर से बर्ड फ्लू को लेकर जारी अलर्ट के बाद उठाया गया है। __बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया निर्णय__ बर्ड फ्लू, जिसे एवियन इन्फ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है, पक्षियों में तेजी से फैलने वाली बीमारी है और यह इंसानों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है। पटना, भागलपुर और जहानाबाद जिलों में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि के बाद सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने अंडे की जगह सेब या केला जैसे पोषण युक्त फल देने का फैसला किया है। सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को पोषण प्रदान करने के लिए हर शुक्रवार को उबला हुआ अंडा दिया जाता था। लेकिन बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए अब यह व्यवस्था अस्थायी रूप से बदल दी गई है। फलों के वितरण की प्रक्रिया भी उसी प्रकार होगी, जैसे पहले अंडे वितरित किए जाते थे, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की पोषण संबंधी कमी न हो। मध्याह्न भोजन योजना की निदेशक साहिला ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे इस बदलाव को सख्ती से लागू करें और सुनिश्चित करें कि बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो। राज्य सरकार बर्ड फ्लू की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।*

*__स्थिति सामान्य होने पर फिर शुरू हो सकता है अंडे का वितरण__ राज्य सरकार लगातार स्थिति पर नजर रख रही है और बर्ड फ्लू के प्रभाव को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम बच्चों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाला है। यह बदलाव अस्थायी है, और जैसे ही बर्ड फ्लू का खतरा टलेगा, अंडे का वितरण पुनः शुरू होगा।*

## मोदी ने कहा कि जब 10 साल पहले आज की ही तारीख को मैं मॉरीशस आया था उस साल होली एक हफ्ते पहले बीत चुकी थी



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से देने का ऐलान वहां की सरकार ने किया है। यह सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' है। पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बने हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां आकर लगता है अपनों के बीच आया हूं। मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान विनम्रता से स्वीकार है। दोनों देशों के बीच रिश्तों की मिठास बढ़ती जा रही है।

**मैं महाकुंभ के समय का संगम का जल लेकर आया हूं- पीएम** पोर्ट लुईस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-मॉरीशस का साझा इतिहास है। मॉरीशस के अनेक परिवार अभी-अभी महाकुंभ में भी होकर आए हैं। दुनिया को आश्चर्य हो रहा है। मानव इतिहास का ये विश्व का सबसे बड़ा समागम था। 65-66 करोड़ लोग इसमें पहुंचे थे। मैं महाकुंभ के समय का ही संगम का पावन जल लेकर आया हूं जिसे यहां कल गंगा तालाब को अर्पित किया जाएगा। **पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को किया संबोधित** पोर्ट लुइस में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के लोगों ने, यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला लिया है। मैं आपके निर्णय को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। ये भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक रिश्तों का सम्मान है। ये उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इस धरती की खूब सेवा की। **जब भी मॉरीशस आता हूं तो लगता है...** पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब भी मॉरीशस आता हूं तो लगता है कि अपनों के बीच ही आया हूं। यहां की मिट्टी में कितने ही हिन्दुस्तानियों का, हमारे पुरखों का खून पसीना मिला हुआ है। हम सब एक परिवार ही तो हैं। एक समय बिहार दुनिया की समृद्धि का केंद्र था। अब हम मिलकर बिहार का गौरव फिर से वापस लाने के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के साथ आपका भावुक संबंध भी मैं समझता हूं। दुनिया के अनेक हिस्से जब पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर थे, तब नालंदा जैसा ग्लोबल इंस्टीट्यूट भारत में था, बिहार में था। हमारी सरकार ने फिर से नालंदा यूनिवर्सिटी को और नालंदा स्पिरिट को रिवाइव किया है। बिहार का मखाना, ये आज भारत में बहुत चर्चा में है। आप देखेंगे कि वो दिन दूर नहीं, बिहार का ये मखाना, दुनिया भर में स्नैक्स मैन्यू का हिस्सा होगा।

## हाथ में कुर्सी लेकर संसद से निकले जस्टिन टूडोः कैमरे को जीभ दिखाई, फेयरवेल स्पीच में भावुक



**टोरंटो** जस्टिन टूडो ने सोमवार को लिबरल पार्टी कन्वेंशन में कनाडा के प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी फेयरवेल स्पीच दी। इसके बाद वो कुर्सी उठाकर संसद से बाहर चल दिए। इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें उनके साथ में कुर्सी है और वो कैमरे की तरफ जीभ दिखा रहे हैं। परंपरा के मुताबिक कनाडा के सांसदों को संसद से बाहर निकलते वक्त अपनी कुर्सी अपने साथ ले जाने की इजाजत है। मुझे यह परंपरा अच्छी लगती है। फिर भी टूडो की यह तस्वीर अजीब है। शायद यह जल्द होने वाले चुनाव की तरफ इशारा है। टूडो आखिरी स्पीच में भावुक हो गए। उन्होंने समर्थकों से कहा कि सक्रिय बने रहें। देश को आपकी जरूरत पहले से कहीं ज्यादा है। टूडो आखिरी स्पीच में भावुक हो गए। उन्होंने समर्थकों से कहा कि सक्रिय बने रहें। देश को आपकी जरूरत पहले से कहीं ज्यादा है। टूडो ने विदाई स्पीच देने के बाद अपनी 16 साल की बेटी एला ग्रेस को गले लगा लिया। टूडो ने विदाई स्पीच देने के बाद अपनी 16 साल की बेटी एला ग्रेस को गले लगा लिया। टूडो बोले पिछले साल में जो किया उस पर गर्व है फेयरवेल स्पीच के दौरान टूडो भावुक भी हो गए थे। जस्टिन टूडो ने PM के तौर पर आखिरी बार पार्टी और अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- मुझे गलत मत समझिए, पिछले 10 सालों में हमने जो कुछ किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है, लेकिन आज की रात एक पार्टी के रूप में, एक देश के रूप में हमारे भविष्य के बारे में है।

## 7500 Not Received: 7500 रूपये खाते में नहीं आया तो करें यह काम, 2 मिनट में मिलेगा पैसा

रांचीः सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में पांचवीं किस्त लगभग 56 लाख महिलाओं को दी गई थी लेकिन इस बार छठी, सातवीं और आठवीं किस्त केवल 38 लाख महिलाओं को ही मिल रही है। इसका मुख्य कारण भौतिक सत्यापन के दौरान 18 लाख महिलाओं को "होल्ड" पर रखना और 1 लाख महिलाओं को अपात्र घोषित करना है। यानी अभी केवल पात्र महिलाओं को ही योजना का लाभ दिया जा रहा है।

**किन लाभार्थियों को मिल रहा है पैसा** मंईया सम्मान योजना का लाभ उन्हीं महिलाओं को दिया जा रहा है जो पात्रता के सभी मानकों को पूरा करती हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि केवल वे महिलाएं जिनका भौतिक सत्यापन हो चुका है और जिनका बैंक खाता आधार से लिंक है, उन्हें ही योजना की राशि प्राप्त होगी। यदि किसी महिला का सत्यापन अधूरा है या बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है तो उन्हें इस बार की राशि नहीं मिलेगी।

**7500 रूपये नहीं मिले, अब क्या करें**? अगर आपके बैंक खाते में अभी तक राशि नहीं आई है तो घबराने की जरूरत नहीं है। पैसा एक ही दिन में सभी लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर नहीं किया जाता है। सरकार इसे चरणबद्ध तरीके से भेज रही है और 15 मार्च 2025 तक सभी पात्र महिलाओं के खातों में पैसा आ जाएगा। यदि 15 मार्च तक आपके खाते में 7500 रूपये जमा नहीं होते हैं तो ऐसे में सबसे पहले आपको अपने आवेदन का स्टेटस चेक करना है जो आप आधिकारिक वेबसाइट के जरिए कर सकते हैं जिससे आपको पता चलेगा कि आपका आवेदन को कहीं होल्ड तो नहीं कर दिया गया है।

इसके अलावा आप अपना डीबीटी स्टेटस चेक करें क्योंकि सरकार उन्ही महिलाओं के खाते में किस्त की राशि जमा कर रही है जिनका डीबीटी सक्रिय है। डीबीटी सक्रिय न होने की स्थिति में आप अपने बैंक में जाकर अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करें, इसके बाद आपको किस्त की राशि मिलनी शुरू हो जाएगी।

सब कुछ सही होने पर यदि किस्त की राशि आपको प्राप्त नहीं होती है तो ऐसे में आप मंईया सम्मान योजना हेल्पलाइन नंबर – 1800-890-0215 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें। इसके बाद आपके आवेदन पर कार्य किया जाएगा और आपके खाते में 7500 रूपये ट्रांसफर कर दी जाएगी।

## तुच्छ राजनीति के चलते करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करना बंद करे विपक्ष : सांसद संजय झा

- **मिथिला में माँ जानकी के भव्य मंदिर की होगी स्थापना, गृह मंत्री ने की घोषणा**
- **क्षेत्र में पर्यटन से जुड़े रोजगार से आर्थिक विकास को मिलेगा बल**




**झंझारपुर** हम बिहारवासी 'जय सीता राम' कहने वाले लोग हैं । हमारा मानना है कि जगत जननी माँ जानकी के बिना मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम अधूरे हैं । शक्ति, सेवा, समर्पण और सद्भाव से परिपूर्ण माँ जानकी का जीवन जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत है । उक्त बातें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा ने कही। सांसद श्री झा के मुताबिक माँ जानकी प्राकट्य स्थल पुनौरा धाम (सीतामढ़ी) में उनका बड़ा मंदिर बने, यह करोड़ों लोगों की हार्दिक इच्छा रही है । ऐसे में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मिथिला में माँ जानकी के भव्य मंदिर की स्थापना की घोषणा से करोड़ों लोगों में खुशी है । हमें विश्वास है, इस कार्य से देश ही नहीं, दुनियाभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक मिथिला में आएंगे, जिससे क्षेत्र में पर्यटन से जुड़े रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर पैदा होंगे और प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। उन्होने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2018 में 'जानकी नवमी' के शुभ अवसर पर खुद पुनौरा धाम गये थे और वहां पर्यटकीय सुविधाओं के विकास एवं सौंदर्यीकरण की कई योजनाओं का कार्यारंभ किया था । उन योजनाओं के लिए जमीन और बड़ी राशि राज्य सरकार द्वारा दी गई थी । साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि पुनौरा धाम में पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाओं के विकास हेतु आगे भी जो जरूरी होगा, राज्य सरकार द्वारा कराया जायेगा । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 'जानकी नवमी' पर राजकीय अवकाश की घोषणा कर इस पर्व को एक नई पहचान दी है। बिहार देश का पहला राज्य है, जहां 'जानकी नवमी' पर सार्वजनिक अवकाश की व्यवस्था की गई। सांसद श्री झा ने कहा कि यदि एनडीए की सरकार माता सीता का भव्य मंदिर बनाना चाहती है, तो इसका दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर स्वागत किया जाना चाहिए था । इससे सीतामढ़ी ही नहीं, संपूर्ण मिथिला में पर्यटन से जुड़े रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर पैदा होंगे।

## खेत में दिखे 10 अजगर, कुछ बाहर घूम रहे थे, कुछ बिल में घुसे, बोरी में भरकर ले गया वन विभाग



**लखनऊः** लखनऊ के बिजनौर क्षेत्र में सोमवार को अचानक एक साथ कई अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। कुछ देर में ही वहां भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने 10 अजगर पकड़े। इनमें से कुछ बाहर थे और कुछ बिल में घुसे हुए थे। सरोजनीनगर वन कर्मियों के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 9 बजे बिजनौर के नटकुर गांव के रहने वाले पंकज अपने खेत से वापस घर लौट रहा था। तभी गांव से कुछ दूर किसान पथ स्थित सड़क के पास उसे एक साथ कई अजगर दिखाई पड़े। उसने इसकी सूचना गांव वालों को दी। कुछ देर में ही अजगर देखने के लिए गांव वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। बाद में इसकी सूचना सरोजनीनगर वन रेंज कार्यालय में दी गई। इसके बाद बीट प्रभारी प्रीति त्रिपाठी और फारेस्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर झाड़ियों के पास घूम रहे पांच अजगर पकड़कर बोरी में भर लिए। इस दौरान कुछ अजगर बिल में भी घुसे दिखाई दिए। टीम ने उन्हें भी बाहर निकाल कर बोरी में भर लिया।

# रिश्तों के बीच बढ़ती डिजिटल दीवार [स्क्रीन की रोशनी में बुझते रिश्ते]



मोबाइल अब हमारे हाथ का एक साधारण उपकरण नहीं रह गया है—यह आधुनिक जीवन का सबसे गहरा और खामोश जाल बन चुका है। यह एक ऐसी चमकदार खिड़की है, जो खुलते ही हमें उस दुनिया में धकेल देती है, जहाँ अपनों की गर्माहट खो जाती है और अनजानों की भीड़ हमें घेर लेती है। घर में सब एक छत के नीचे हैं, फिर भी एक-दूसरे से मीलों दूर। हर कोई अपनी छोटी-सी स्क्रीन में कैद है—एक ऐसी आभासी दुनिया में खोया हुआ, जहाँ हज़ारों चेहरों की चमक तो है, पर अपनेपन की रोशनी नहीं। तकनीक ने हमें जोड़ने का सपना दिखाया था। कहा गया था कि दूरियाँ मिटेंगी, रिश्ते और गहरे होंगे। मगर हकीकत क्या है? दिलों के बीच ऐसी खाइयाँ बन गई हैं, जिन्हें पाटना अब किसी पहाड़ को हिलाने जितना मुश्किल लगता है। यह कैसा विकास है, जो हमें आगे ले जाने के बजाय पीछे की ओर धकेल रहा है—अकेलेपन की उस गहरी खाई में, जहाँ से निकलने का रास्ता ढूंढना हर दिन भारी पड़ता जा रहा है?

कभी घर वह पवित्र ठिकाना हुआ करता था, जहाँ शामें हंसी-खुशी से गूंजती थीं। माता-पिता बच्चों के साथ बैठकर दिनभर की बातें करते थे, दादा-दादी अपनी पुरानी कहानियों से सबको जोड़ते थे, और हर पल एक याद बनकर मन में बस जाता था। लेकिन अब वह सुकून कहाँ? माता-पिता अपने फोन में वीडियो देखने में मशगूल हैं, जैसे बच्चों की बातें अब उनके लिए बेमानी हो चुकी हों। बच्चे अपने माँ-बाप से कुछ साझा करने के बजाय किसी सोशल मीडिया स्टार की बनावटी ज़िंदगी को सच मान बैठते हैं। और बुजुर्ग? वे तो बस कोने में बैठे एक उम्मीद बनकर रह गए हैं—उम्मीद कि शायद कोई उनकी ओर देख ले, दो पल बात कर ले। मगर उनकी आवाज़ अब उस नोटिफिकेशन की चीख के आगे दब चुकी है, जो हर किसी के लिए "ज़रूरी" बन गया है। एक स्क्रॉल, एक वीडियो, एक मैसेज—यह सब उस स्नेह से कहीं ज़्यादा कीमती हो गया है, जो कभी परिवार की नींव हुआ करता था।

सोशल मीडिया ने रिश्तों को जोड़ने का ढोंग तो बहुत किया, मगर सच यह है कि उसने उन्हें चुपचाप तोड़ डाला। इंस्टाग्राम पर हंसते-मुस्कुराते चेहरे दिखते हैं, मगर घर की चारदीवारी के भीतर सन्नाटा पसरा रहता है। वॉट्सऐप पर रिश्तेदारों को "गुड मॉर्निंग" और "हैप्पी बर्थडे" के मैसेज भेजे जाते हैं, मगर असल में उनके घर जाकर गले लगाने का वक्त किसी के पास नहीं। त्योहारों की वह रौनक, जो कभी आंगन में बच्चों की भागदौड़ और बड़ों की बातों से गूंजती थी, अब स्टेटस अपडेट और वर्चुअल इमोजी तक सिमटकर रह गई है। लोग अब अपनों के बीच कम और स्क्रीन के पीछे छिपे अनजानों के बीच ज़्यादा वक्त बिताते हैं। यह कैसी विडंबना है कि जिन रिश्तों को हम करीब से देख भी सकते हैं, उन्हें हम दूर की चमक में खो रहे हैं?

बच्चों की दुनिया तो जैसे पूरी तरह उजड़ गई है। कभी वे गलियों में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, मिट्टी में लथपथ होकर हंसते थे। उनकी आँखों में सपने थे, उनके कदमों में आज़ादी थी। मगर अब? अब वे कमरे की चारदीवारी में कैद हैं, स्क्रीन पर उंगलियाँ घुमाते हुए। माता-पिता इसे "सुरक्षा" का नाम देते हैं। वे खुश हैं कि उनका बच्चा बाहर की बुरी संगत से बचा हुआ है। मगर वे यह नहीं देखते कि यह आभासी दुनिया उनकी असल ज़िंदगी को निगल रही है। उनकी आँखें कमज़ोर हो रही हैं, मोटे चश्मे उनकी मासूमियत पर भारी पड़ रहे हैं। उनकी कल्पनाशक्ति, उनकी सामाजिकता, उनका बचपन—यह सब उस नीली रोशनी में जलकर खाक हो रहा है। क्या यही सुरक्षित भविष्य है, जो हम उन्हें दे रहे हैं?

युवाओं के लिए मोबाइल एक और भी गहरा जाल बन गया है। दिन-रात सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करना, लाइक्स और कमेंट्स की चमक में अपनी कीमत तौलना, एक बनावटी पहचान को सच मान लेना—यह सब उन्हें भीतर से खोखला कर रहा है। वे हर पल इस दबाव में जीते हैं कि उनकी तस्वीर को कितने लोग पसंद करेंगे, उनके वीडियो को कितने व्यूज मिलेंगे। इस चक्कर में वे अपनी असल ताकत, अपनी असल खूबसूरती को भूलते जा रहे हैं। डिप्रेशन, एंग्जायटी, आत्मसम्मान की कमी, असल ज़िंदगी में बात करने की हिम्मत का खत्म होना—यह सब उस आभासी दुनिया की देन है, जिसे वे अपना सब कुछ मान बैठते हैं। क्या यह तरक्की है कि हमारी नई पीढ़ी स्क्रीन के पीछे अपनी पहचान ढूंढ रही है, जबकि असल दुनिया में वह खोती जा रही है?

और बुजुर्ग—उनका क्या? वे तो इस तकनीकी तूफान में पूरी तरह पीछे छूट गए हैं। कभी वे घर के सबसे सम्मानित सदस्य हुआ करते थे। उनकी बातें सुनी जाती थीं, उनके अनुभवों से सीखा जाता था, उनके स्नेह में पूरा परिवार बंधा रहता था। मगर अब वे बस "पुराने ख्यालों" वाले कहलाते हैं। उनके पास कहानियाँ हैं, जीवन का अनमोल खज़ाना है, मगर सुनने वाला कोई नहीं। उन्हें एक स्मार्टफोन थमा दिया जाता है—"लीजिए, अपना टाइम पास कीजिए"—और फिर सब अपने-अपने फोन में डूब जाते हैं। क्या हमने कभी सोचा कि उनकी वह उदासी, वह अकेलापन कितना भारी है? उनके लिए तकनीक कोई वरदान नहीं, बल्कि एक ऐसा अभिशाप है, जो उन्हें अपनों से और दूर ले जा रहा है।

क्या यही वह प्रगति है, जिसका सपना हमने देखा था? क्या यही आधुनिकता है, जहाँ माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद वॉट्सऐप के मैसेज तक सिमट गया है? जहाँ हंसी-मज़ाक की जगह मीम्स ने ले ली है और भावनाएँ इमोजी में कैद हो गई हैं? मोबाइल अपने आप में कोई गलत चीज़ नहीं है। यह एक शानदार आविष्कार है, जो हमें दुनिया से जोड़ सकता है, हमारी मुश्किलें आसान कर सकता है। मगर जब यह हमारी ज़िंदगी का मालिक बन जाता है, जब यह हमारे रिश्तों से बड़ा हो जाता है, तो यह एक धीमा ज़हर बन जाता है—जो न दिखता है, न सुनाई देता है, मगर धीरे-धीरे सब कुछ तबाह कर देता है।

अब वक्त आ गया है कि हम इसे उसकी सही जगह दिखाएँ। मोबाइल को हमारा सहायक बनने दें, हमारा स्वामी नहीं। इसे बंद करें, और अपनों की ओर देखें। उनके साथ बैठें, उनकी बातें सुनें, उनकी हंसी में शामिल हों, उनकी उदासी को समझें। असल ज़िंदगी की गर्माहट को महसूस करें—वह गर्माहट जो किसी स्क्रीन की ठंडी चमक में कभी नहीं मिल सकती। क्योंकि ये रिश्ते, ये पल—ये एक बार चले गए, तो कोई नोटिफिकेशन, कोई अलार्म आपको यह नहीं बताएगा कि आपने क्या खो दिया। और जब वह खालीपन आपको घेरेगा, तो उस वक्त यह मोबाइल आपकी आँखों से बहते आँसुओं को भी नहीं पोंछ सकेगा।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)**

# झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन





आज बजट सत्र के 11 वें कार्यदिवस के कार्यवाहियों के उपरांत झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा श्री रबीन्द्रनाथ महतो ,माननीय मुख्यमंत्री माननीय नेता प्रतिपक्ष सहित माननीय सदस्यों ने होली मिलन समारोह में भाग लिया और एक दूसरे को होली की बधाइयां दी है। माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि बसंत ऋतु का ख़ास त्योहार होली, झारखंड के समस्त जनता के लिए जश्न और उमंग से भरा हो ,रंगों और गुलाल का यह त्योहार के अवसर पर हम सभी एक दूसरे को सुख समृद्धि और सौहार्द के साथ खुशियां बाँटे। विदित हो कि बजट सत्र में सदन की कार्यवाही अब 18/3/25 से शुरू होगी। होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए सदन की कार्यवाहियों का औपबंधिक कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए गए हैं सदन की कार्यवाही दिनांक 17/3/25 को स्थगित की गई है। इस कार्य दिवस की समस्त कार्यवाहियां को अब 22//3/25 को लिये जाने का निर्णय लिया गया है ।

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) का आभार व्यक्त करता है





बीआईटी सिंदरी, धनबाद | 11 मार्च 2025

लाइट सिंदरी परिवार तहे दिल से स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने आरोग्य सिंदरी स्वास्थ्य जांच शिविर को प्रायोजित किया, जिससे यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

इस शिविर में हेल्थ चेकअप, BMI टेस्ट, डेंटल टेस्ट समेत कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। छात्रों, कर्मचारियों और जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान किया गया, जिससे उन्हें अपनी सेहत के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में सेंटर कोऑर्डिनेटर गौतम बुद्ध, डोना भट्टाचार्य, युवराज कुमार,सोनू कुमार और SAIL के विभास मिश्रा ,CGM सर, तसरा माइंस समेत कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से यह पहल सफल रही। लाइट सिंदरी की ओर से SAIL टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, ताकि उनके इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार प्रकट किया जा सके।

हम आशा करते हैं कि SAIL का यह सहयोग भविष्य में भी जारी रहेगा, और हम मिलकर ऐसे और भी समाजोपयोगी कार्यों को सफल बना सकेंगे।

# हिंदू मिशन अनाथालय में लाइट सिंदरी ने मनाया प्री-होली उत्सव



**बीआईटी सिंदरी, धनबाद** | 10 मार्च 2025

लाइट सिंदरी ने हिंदू मिशन अनाथालय में बच्चों के साथ प्री-होली उत्सव मनाया, जहाँ रंगों, मिठाइयों और खुशियों से भरा माहौल देखने को मिला। इस आयोजन में मिठाइयों का वितरण, इंटरएक्टिव गेम्स और ऑर्गेनिक गुलाल के साथ सुरक्षित होली मनाई गई। स्वयंसेवकों ने बच्चों को उपहार और जलपान भी वितरित किए, जिससे यह अवसर और भी खास बन गया।

इस उत्सव का उद्देश्य बच्चों में खुशी, समावेशिता और अपनापन की भावना जगाना था। कार्यक्रम का समापन नृत्य और ग्रुप फोटो के साथ हुआ, जिसमें हंसी-खुशी के अनमोल पल कैद किए गए।

# डॉक्टरों के प्रमोशन को लेकर मंत्री इरफान अंसारी का बड़ा ऐलान



रांची।ः झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉक्टर इरफान अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।

# पूर्व घोषित कार्यक्रम के तर्ज पर आइसा के बैनर तले रांची राजभवन को घेरा गया




आज दिनांक 11-03-25 को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तर्ज पर आइसा के बैनर तले रांची राजभवन को घेरा गया जिसमे छात्र /छात्राओं और युवाओं के महत्वपूर्ण सवालों पर बात किया गया
1.धनबाद के हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो!!!
2.पी के रॉय कॉलेज में पी जी स्नातक कि पढ़ाई सुचारु रूप से बहाल हो!!
3.स्थानीयता और नियोजन नीति लागु कि जाये!!
4.शिक्षा के लिए जो केंद्रिय बजट 2.5% है उसको 10% तक वृद्धि कि जाये!!
जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में सिंदरी विधायक कॉमरेड चन्द्रदेव महतो उपस्थित रहे और मुख्य रूप से युवा नेता जयजीत मुखर्जी, आर वाई ए सदस्य सोनू शर्मा, राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, राज्य अध्यक्ष विभा पुष्प दीप, राज्य सह सचिव संजना मेहता, विशाल सोरेन आदि सेकड़ों कि संख्या में छात्र छात्रा और युवा उपस्थित रहे.....




# झारखंड में बड़ा बदलाव! जमीन और सड़कों को लेकर सरकार का नया प्लान

रांचीः झारखंड के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सरकार व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग में लायी जा रही भूमि पर वाणिज्यिक कर लगाने पर विचार कर रही है। परिवहन विभाग का भी प्रभार संभाल रहे दीपक बिरुआ मंगलवार को विधानसभा में अनुदान मांग पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा को एक विषय के रूप में शामिल करने की योजना बना रही है। दीपक बिरुआ ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की पहल का उद्देश्य भूमि संबंधी मामलों में पारदर्शिता बढ़ाना है, जिसका राज्य की कानून और व्यवस्था की स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है।



**रांची।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी०एम० प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।**

# लॉरेंस बिश्नोई के करीबी का खात्मा, अमन साहू एनकाउंटर में ढेर, 15 घंटे पहले किया



रायपुर : छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सेंट्रल में कैद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में मारा गया है। सोमवार को झारखंड पुलिस की टीम उसे जेल से लेकर निकली थी। अब पलामू में उसका एनकाउंटर हुआ है। अमन साहू को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी माना जाता है। बताया जा रहा है कि आरोपी अमन पुलिस से बंदूक लूटकर भागने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और उसे ढेर कर दिया।

अमन साहू कई मामलों में आरोपी था। झारखंड लेकर जाने के दौरान उसने एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीना और भागने की कोशिश की। इस दौरान जवान पर गोली चला दी। इस अटैक में जवान घायल हो गया। इसके फौरन बाद पुलिस ने भी कार्रवाई की और अमन साहू को ढेर कर दिया।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के जिला स्तरीय समिति का उपायुक्त ने की बैठक



**बोकारो**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) का बैठक किया। मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी समेत समिति के सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी से योजना के तहत लाभुकों के प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इस क्रम में समिति सदस्यों की सर्व सहमति से उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत लक्ष्य के शेष लाभुकों बायोफ्लोक टैंक के लिए 02, बायोफ्लोक तालाब निर्माण को लेकर 01, मोटर साइकिल के साथ आइस बाक्स को ले 02, तीन पहिया वाहन के लिए 22, साइकिल आइस बाक्स के लिए 12 लाभुकों ,रेफरिजरेटर विह्किल के 01 लाभुक की सूची अनुमोदित किया।

# सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के पहल पर अत्यंत दुर्लभ रक्त एबी नेगेटिव मरीज के ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराई गई




धनबाद जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में ईलाजरत गिरिडीह निवासी 22 वर्षीय मरीज शिव कुमार पंडित जो सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए तत्काल दुर्लभ रक्त एबी नेगेटिव की व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा क्योंकि मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी ।

इस बात की सूचना गिरिडीह के रहने वाले समाजसेवी श्रेय क्लब संस्था के संस्थापक रमेश यादव ने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को देते हुए मरीज के लिए रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसके कुछ हो देर बाद श्री चौहान ने एसजेएएस ब्लड बैंक के डायरेक्टर आशुतोष झा से बात कर मरीज के लिए तत्काल दुर्लभ रक्त समुह एबी नेगेटिव प्रदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड बैंक द्वारा रक्त प्रदान कर दी गई और इसके बदले में रक्त वीर संतोष पंडित ने अपना बी पॉजिटिव रक्त ब्लड बैंक में दान किया जिसे किसी अन्य जरूरतमंद मरीज को आपातकालीन परिस्थिति में रक्त उपलब्ध कराया जा सकें ।




रांची// समाहरणालय से पकड़या है बताया जा रहा है कि किसी घटना को अंजाम देने पार्किंग में तीन युवक थे।

## चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

धनबाद।भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग में सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निवार्चन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

==================

## बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं होंगी सुदृढ़



, **धनबाद**। आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग सह अध्यक्ष झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली, साफ सफाई, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। साथ ही एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन, मेधा डेयरी बूथ तथा बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा के लिए टाउन आउट पोस्ट (टी.ओ.पी.) स्थापित करने का प्रस्ताव, भूमि हस्तांतरण तथा आवास ऑनरशिप ट्रांसफर में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बैठक के क्रम में आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पलानी मोड़ वाया फेज 5 से रानी रोड का चौड़ीकरण व मरम्मत, फेज 1, 2 एवं 3 में नालियों एवं सेप्टिक टैंक की साफ सफाई, सड़क चौड़ीकरण व पेवर ब्लॉक बिछाना, सुलभ शौचालय का निर्माण, पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए पाइपलाइन बिछाना, वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का प्रस्तावित बजट, ऑडिटर की नियुक्ति, शॉपिंग सेंटर में दुकानों का एलॉटमेंट सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की।

आयुक्त ने कहा कि जेआरडीए के सुचारु कामकाज के लिए प्रबंध पर्षद की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। उन्होंने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नन लीगल टाइटल होल्डर (नन एलटीएच) के शिफ्टिंग, अलॉटमेंट एवं मुआवजा में एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त सह प्रबंध निदेशक जेआरडीए सुश्री माधवी मिश्रा, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समिरन दत्ता, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जेआरडीए प्रभारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएलओ राम नारायण खलको, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, बीसीसीएल के निदेशक (संचालन) श्री संजय सिंह, महाप्रबंधक झरिया मास्टर प्लान फुल झा, महाप्रबंधक पर्यावरण राजीव चोपड़ा, क्षेत्रीय प्रबंधक आरआइ - 2 संजीव सिंह, जेआरडीए के सलाहकार डीएन माहापात्रा, वित्त अजय भारतीया, विद्युत अधीक्षण अभियंता श्री एसके कश्यप के अलावा अडन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## चुनाव आयोग ने कानूनी ढ़ांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करना जरूरी




**बोकारो**। चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है।

भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ERO, DEO या CEO के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने आगामी दिनांक 20.03.2025 (गुरूवार) को अप० 04:00 बजे समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आहूत की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है।

राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं।

# उपायुक्त एवं एसएसपी ने किया मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण



दिनां सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी एच. पी. जनार्दनन ने देर रात मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं एसएसपी ने मंडल कारा में प्रतिदिन संधारित की जाने वाले विभिन्न पंजियों आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कारा सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे, वार्ड, बैरक आदि की सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान 3 मोबाइल फ़ोन, चार्जर, ईयरबड आदि बरामद हुए। जिस पर अग्रतर कार्रवाई करते हुए धनबाद थाना में नामजद एफआईआर किया गया।

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने संबंधित पदाधिकारी को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कारा की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने बताया कि यह निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु रूटीन निरीक्षण है।

मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, सिटी एसपी अजित कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड आर्डर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सीओ गोविंदपुर, पुटकी, झरिया, तोपचांची, बाघमारा, बीडीओ गोविंदपुर समेत अन्य पदाधिकारी आएवं थाना प्रभारी मौजूद रहें।

## उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के दीदियों द्वारा लगाए गए हर्बल अबीर एवं गुलाल की विक्रय स्टाल का किया उद्घाटन



**धनबाद** । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा समाहरणालय परिसर में लगाए गए हर्बल अबीर एवं गुलाल की विक्रय स्टाल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने समस्त जिलावासियों से इस होली में हर्बल गुलाल एवं अबीर का उपयोग करने की अपील की है। डीपीएम जेएसएलपीएस श्री शैलेश रंजन ने बताया कि सरकार के जेएसएलपीएस पलाश ब्रांड से जुड़ी दीदियों की ओर से पलाश के फूल, सिंद्धार फूल, गुलाबी बीटरूट, हल्दी, पालक, एवं अरारोट पाउडर से अबीर बनाये गये हैं। ये गुलाल मंगलवार से जेएसएलपीएस के प्रखंड एवं जिला कार्यालय के साथ ही हाट बाजारों में स्टाल लगाकर बेचा जायेगा। एक पैकेट की कीमत मात्र 30 रुपये है।

मौके पर डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, बीपीओ कृष्णा कुमार प्रामाणिक, बीपीओ नवीन कुमार, जिला प्रबंधक एचआर प्रवीण कुमार, दीदी डॉली सिंह, माधुरी देवी, भारती कुमारी समेत अन्य मौजूद रहें।






# त्योहारों को लेकर आयुक्त व डीआईजी ने की तैयारियों की समीक्षा



धनबाद।आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग श्री पवन कुमार तथा बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने मंगलवार को समाहरणालय में होली एवं रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की।

अ इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति में जोड़ें। संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च करें और विशेष निगरानी रखें। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ करें।

आयुक्त ने शराब पीकर और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने, कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



बैठक में डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, क्विक रिस्पांस टीम (क्यू.आर.टी.) प्लान तैयार करने, चौबीस घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव रखने, थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थल को चिह्नित करने, मादक पदार्थ एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान आयुक्त एवं डीआईजी ने कोयला एवं बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी दिशा निर्देश दिए। इसके लिए अवैध खनन स्थलों पर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छापामारी करने, मुहानों की डोजरिंग करने, अवैध खनन के रूट पर छापामारी करने, अवैध खनन की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने, वर्चस्व स्थापित करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा जारी एडवाइजरी का अक्षरशः करें अनुपालन



होलिका दहन को सुरक्षित और दुर्घटना-मुक्त बनाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने जिलेवासियों के लिए मंगलवार को एडवाइजरी जारी किया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की अध्यक्ष सह उपायुक्त विजया जाधव ने जिलेवासियों से जारी एडवाइजरी का अक्षरशः अनुपालन करने का अपील किया है।

आमजन आग से संबंधित दुर्घटनाओं से बचने के लिए निम्न निवारक उपायों का पालन करें:-

- सुरक्षित स्थान चुनें- होलिका दहन घरों, पेड़ों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर, खुले क्षेत्र में करें।
- सुरक्षित दूरी बनाए रखें आग से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, खासकर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।
- पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग करें- प्लास्टिक, रसायन या हानिकारक पदार्थों को जलाने से बचें जो विषाक्त धुएं को छोड़ते हैं।
- आग के आकार को नियंत्रित करें बढ़ी या अनियंत्रित आग न लगाएँ। होलिका दहन के दौरान छोटे एवं सुरक्षित आग को प्राथमिकता दे।
- अग्निशामक यंत्र और पानी पास में रखें आपातकालीन स्थिति में पानी की बाल्टी, रेत या अग्निशामक यंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- ढ़ीले या सिंथेटिक कपड़े पहनने से बचें आग लगने के जोखिम को कम करने के लिए सूती कपड़ों को प्राथमिकता दें।
- बच्चों और बुजुर्गों की निगरानी करें बच्चों को आग के पास न जाने दें और सुनिश्चित करें कि बुजुर्ग व्यक्ति सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
- ज्वलनशील पदार्थों से सावधान रहें आग को जलाने के लिए केरोसिन, पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील तरल पदार्थों का उपयोग न करें।
- उचित अग्नि शमन सुनिश्चित करें समारोह के बाद, सुनिश्चित करें कि होलिका दहन स्थल छोड़ने से पहले आग पूरी तरह से बुझ गई है। राख का जिम्मेदारी से निपटान करें एवं आग बुझने के बाद, जल निकायों को प्रदूषित किए बिना राख का उचित निपटान सुनिश्चित करें।
- पर्यावरण का सम्मान करें पर्यावरण संरक्षण पेड़ों और वन्यजीवों को नुकसान न पहुँचाएँ तथा लकड़ी इकट्ठा करते समय जीवित पेड़ों को काटने या पक्षियों के घोंसलों को नुकसान पहुँचाने से बचें।
- कभी भी आग में खड़े न हों, हमेशा धुएँ के नीचे रेंगें और अपना मुँह ढ़क कर रखने की कोशिश करें।
- आग लगने की स्थिति में शांत रहें, घबरायें नहीं और भागे नही। पीड़ित को कंबल में तब तक लपेटें जब तक आग बुझ न जाए।
- होलिका दहन में यथा संभव पटाखों का प्रयोग न करे।
- होलिका दहन के दौरान धुएँ से प्रदुषण बढ़ जाने की स्थिति में श्वास रोगियों को विशेष सावधानी रखने की जरूरत है।
- अगर कोई व्यक्ति जल जाता है तो उसके शरीर के जले हुए हिस्से को तुरंत पानी में डुबोएँ उसके बाद उस स्थान पर कोई मलहम जैसे एलोविरा या बरनौल, नारियल तेल आदि लगाएँ। अगर जलन ज्यादा गंभीर है तो पीड़ित को तुरन्त अस्पताल ले जाएँ।
- होलिका दहन के समय यह ध्यान रखें कि उपर या आस पास कोई पेड़, घर, विशेषकर झोपड़ियो, दीवार, बिजली तार आदि न हो।
- जिम्मेदारी से मनाएँ शिष्टाचार और सुरक्षा बनाए रखें, यह सुनिश्चित करें कि त्योहार आनंदमय हो और दुर्घटनाओं से मुक्त रहे। इन सावधानियों का पालन करके, हम खुद को, अपने आस-पास और पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए सुरक्षित रूप से होलिका दहन एवं होली का त्योहार मना सकते हैं।

## होली एवं अन्य त्योहार को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा चंद्रपूरा एवं फुसरो बाजार के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया

**बोकारो**। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार आज दिनांक 11 मार्च, 2025 को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ श्वेता लकड़ा द्वारा जिले के फुसरो बाजार अंतर्गत दादा स्वीट्स, देवघर पेड़ा भण्डार, प्रेम मोहन स्वीट्स, कोजी स्वीट्स, छाबड़ा स्वीट्स, बनारसी स्वीट्स एवं दिनांक 10 मार्च, 2025 को चंद्रपुरा बाजार के गोकुल स्वीट्स, क्वालिटी स्वीट्स से दुर्गा स्वीट्स साव स्वीट्स से भी सैंपल लिए गए। साथ ही दुग्धा बस स्टैंड के दुर्गा स्वीट्स एवं साव स्वीट्स से भी सैंपल लिए गए जिसमें कुल 16 सैंपल लिए गए। सभी सैंपल जाँच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

वहीं, जाँच रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसपर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ श्वेता लकड़ा ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश । साथ ही त्यौहार को देखते हुए स्वच्छता पर ध्यान देने एवं खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का भी निर्देश दिया।

## अलर्ट मोड में रहेंगे सभी दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर रखें विशेष निगरानी



**बोकारो**। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि होली एवं रमजान त्योहारों को लेकर संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका वह पालन सुनिश्चित करेंगे। डीजे में अश्लील/भड़काऊ गानों का इस्तेमाल नहीं हो,इसे संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएगा। किसी भी तरह की घटना होने या कोई मामला प्रकाश में आने पर तत्काल उसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। जिला एवं अनुमंडल नियंत्रण कक्ष चालू रहेगा।

उपायुक्त ने कहा कि सभी बीडीओ/सीओ – थाना प्रभारी आपस में समन्वय बनाकर क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों एवं आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही, धारा 126 की कार्रवाई के लिए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिवेदन/तामिला ससमय समर्पित करने को कहा।

उपायुक्त ने क्रमवार थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों की जानकारी थाना प्रभारियों – बीडीओ/सीओ से प्राप्त की। उन्होंने संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों पर विशेष निगरानी बरतने, आसामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधि पर नजर रखेंगे। सभी थाना – अंचलाधिकारी आपस में बैठक कर क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को एक दूसरे से साझा कर,संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन की रात अगलगी की घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है।

वहीं, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि सभी बीडीओ – सीओ एवं थाना प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएंगे। पर्याप्त संख्या में जिले को पुलिस बल उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतत निगरानी की व्यवस्था रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर ग्रुप के एडमिन के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहीं किसी के क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री या नकली शराब की बिक्री नहीं हो, इसे सभी सुनिश्चित करेंगे। सभी अपने आंतरिक श्रोतों को सक्रिय रखेंगे।

# विदेश से पैसा भेजने के मामले में सबसे आगे भारतीय, इतने डॉलर भेजे कि बन गया नया रेकॉर्ड



***दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल हैं। इसकी आबादी करीब 1.8 करोड़ है। साल 2022 में रेमिटेंस यानी स्वदेश पैसा भेजने के मामले में भारतीय प्रवासियों ने नया रेकॉर्ड बना दिया। दक्षिण एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश रेमिटेंस पाने वाले टॉप 10 देशों में रहे।***

*नई दिल्ली*

विदेश से पैसा भेजने के मामले में भारतीयों ने नया रेकॉर्ड बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी International Organisation for Migration ने कहा कि भारत को साल 2022 में रेमिटेंस के रूप में 111 अरब डॉलर मिले। यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला दुनिया का पहले देश बन गया है। भारत के 1.8 करोड़ लोग विदेशों में काम करते हैं। इनमें से यूएई, अमेरिका और सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने मंगलवार को जारी अपनी वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में रेमिटेंस प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। रेमिटेंस का मतलब प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को भेजे गए पैसों से है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में भारत सबसे ऊपर ऊपर रहा। उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को

# ITR से पता चला, मेरे नाम पर तो कंपनी है... जानिए पैन के दुरुपयोग से कैसे हुआ फ्रॉड, कैसे बचें?

**पैन कार्ड का यूज बैंक अकाउंट खोलने और इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में होता है। लेकिन इसके गलत इस्तेमाल की भी आशंका रहती है। हाल में इसके मिसयूज की कई घटनाएं सामने आई हैं। जानिए घर बैठे कैसे चेक कर सकते हैं कि आपके पैन का मिसयूज तो नहीं हो रहा।**

**नई दिल्ली**

पैन (PAN) कार्ड का इस्तेमाल फाइनेंस से जुड़े कई कामों के लिए किया जाता है। मसलन बैंक अकाउंट खोलने और इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में इसका यूज होता है। लेकिन पैन कार्ड के मिसयूज के बारे में हाल में कई घटनाएं सामने आई हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी चंदन सोनी (35) के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। जब वह आईटीआर भर रहे थे तो उन्हें पता चला कि उनके पैन कार्ड के जरिए एक जीएसटी नंबर लिया गया है। इसके जरिए दिल्ली के पते पर एक फर्म खोली गई थी। इस कंपनी ने 9 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार दिखाया था। इससे उनके होश फाख्ता हो गए। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने इस मामले में ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कहीं आपके पैन कार्ड का भी तो गलत इस्तेमाल नहीं हो रहा है? ऐसे कर सकते हैं पता...

**लोन कैसे करें चेक**

-इंटरनेट पर ट्रांसयूनियन सिबिल, इक्विफैक्स, एक्सपेरियन, पेटीएम, बैंक बाजार या CRIF हाईमार्क जैसी साइट में से किसी एक को चुन सकते हैं। -इन्हें खोल 'क्रेडिट स्कोर देखें' पर जाएं। अधिकतर फ्री होती हैं, लेकिन कुछ साइट पूरा क्रेडिट स्कोर जानने के लिए एक प्लान चुनने को कह सकती हैं। -नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आईडी, रजिस्टर्ड फोन नंबर और पैन का डेटा डालें। आपको अपना फोन नंबर ओटीपी के साथ वेरिफाई करना पड़ सकता है। -इससे आप क्रेडिट स्कोर तक पहुंचने में सफल रहेंगे। इसके आपके नाम पर चल रहे




सभी लोन का लेखा-जोखा आपके सामने होंगे।

**GST नंबर कैसे देखें** -जीएसटी पोर्टल पर जाएं। 'सर्च टैक्सपेयर्स' टैब पर क्लिक करें। 'सर्च बाय पेन' ऑप्शन चुनें। पैन नंबर और कैप्चा कोड दर्ज करें। -'सर्च' पर क्लिक करें। पैन के जरिए हासिल GSTIN रजिस्ट्रेशन का पूरा विवरण सामने आ जाएगा, अगर लिया होगा तो। -हाइपरलिंक किए गए GSTIN में से किसी एक एक पर क्लिक करने पर 'सर्च बाय GSTIN' पर रीडायरेक्ट हो जाता है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा को सात महीने बाद मिली बड़ी राहत, अब शेयर बनेगा रॉकेट!




*बैंक ऑफ बड़ौदा (Bank of Baroda) को करीब सात महीने बाद राहत मिली है। आरबीआई ने बैंक को अपने 'बॉब वर्ल्ड' ऐप के जरिए नए ग्राहक जोड़ने की अनुमति दे दी है। केंद्रीय बैंक ने सुपरवाइजरी चिंताओं के कारण 10 अक्टूबर, 2023 को बैंक को इस ऐप के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी थी।*

*नई दिल्ली*

*गवर्नमेंट सेक्टर के बैंक ऑफ बड़ौदा को बड़ी राहत मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंक ऑफ बड़ौदा (Bank of Baroda) को करीब सात महीने बाद 'बॉब वर्ल्ड' एप्लिकेशन के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दे दी। आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को उसके मोबाइल ऐप 'बॉब वर्ल्ड' के जरिये नए ग्राहक जोड़ने से 10 अक्टूबर, 2023 को रोक दिया था। यह कदम कुछ सुपरवाइजरी चिंताओं के बाद उठाया गया था। पिछले सप्ताह आरबीआई ने ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये कर्ज देने पर बजाज फाइनेंस पर भी प्रतिबंध हटा दिया था।*

*बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, 'हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई ने आठ मई, 2024 के अपने पत्र के माध्यम से बैंक को बॉब वर्ल्ड पर उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय से अवगत कराया है। बैंक अब लागू दिशानिर्देशों और मौजूदा कानूनों या विनियमों के अनुरूप इस ऐप के जरिये ग्राहकों को जोड़ने के लिए स्वतंत्र है।' बैंक ने कहा कि अब वह बॉब वर्ल्ड ऐप पर नए ग्राहकों को शामिल करना दोबारा शुरू कर देगा। इसके साथ ही उसने कहा कि वह नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा का शेयर 1.35% तेजी के साथ 262.70 रुपये पर बंद हुआ।*

# कोटक बैंक 400 इंजीनियर हायर करेगा इससे बैंक का IT इंफ्रा मजबूत होगा, RBI ने नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगाई थी

**नई दिल्ली**

कोटक महिंद्रा बैंक इस साल करीब 400 इंजीनियर हायर करेगा। हाल ही में RBI ने आईटी इंफ्रा में कमी के कारण बैंक के नए क्रेडिट कार्ड और ऑनलाइन चैनलों से अकाउंट खोलने पर रोक लगाई है। बैंक अब इंजीनियरों को हायर कर अपने IT इंफ्रा को मजबूत करना चाहता है।

बैंक के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर मिलिंद नागनूर ने बताया कि बैंक पिछले दो साल में 500 से ज्यादा इंजीनियरों को हायर कर चुका है। उन्हें गूगल और अमेजन जैसी कंपनियों के साथ-साथ पेटीएम और फोनपे जैसी कंपनियों से लिया गया है।

**नागनूर और भवनीश लाठिया को 2022 में हायर किया था** नागनूर कोटक की सबसे हाई-प्रोफाइल टेक हाइरिंग है। उनके साथ कस्टमर एक्सपीरियंस हेड भवनीश लाठिया को भी 2022 में हायर किया था। नागनूर अमेरिका स्थित फिनटेक कंपनी अर्ली वार्निंग सर्विसेज में काम कर चुके हैं। जबकि लाठिया ने लगभग दो दशक अमेजन में बिताए हैं।

**RBI ने तीन और बड़ी बातें कही थीं...** RBI को बैंक के आईटी इन्वेंट्री मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट,




वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सिक्योरिटी और डेटा लीक प्रिवेंशन स्टैटजी जैसे क्षेत्रों में गंभीर कमियां मिली थी। लगातार दो साल तक ऐसा देखा गया, लेकिन बैंक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया। मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम (CBS) और इसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनल में पिछले दो साल में लगातार आउटेज देखा गया। लेटेस्ट आउटेज 15 अप्रैल को हुआ था, जिससे ग्राहकों को असुविधा हुई।

अब लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा बैंक के एक्सटर्नल ऑडिट के बाद की जाएगी। इस एक्सटर्नल ऑडिट के लिए बैंक को RBI की पहले से मंजूरी लेनी होगी। बैंक को RBI के इन्सपेक्शन और एक्सटर्नल ऑडिट में बताई गई सभी कमियों को भी दूर करना होगा RBI के कार्रवाई के बाद 11% गिरा कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर

# GST एक्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई पिछली सुनवाई में SC ने सरकार से नोटिस-गिरफ्तारियों का डेटा मांगा था

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार 9 मई को गुड्स एंड सर्विस टैक्स (GST) से जुड़े मामले में सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई 2 मई को हुई थी। इसमें कोर्ट ने केंद्र से GST एक्ट के तहत 1 से 5 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट के लिए जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का डेटा मांगा है। कोर्ट ने कहा कि कभी-कभी गिरफ्तारियां नहीं की जाती हैं, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके, गिरफ्तारी की धमकी देकर परेशान किया जाता है। कोर्ट ने कहा कि हम नागरिकों की आजादी छीनने से बचाने के लिए दिशा-निर्देश तय कर सकते हैं। हम उनका उत्पीड़न नहीं होने देंगे। दरअसल, कोर्ट GST एक्ट, कस्टम एक्ट और प्रिवेंशन ऑन मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

**अधिकारियों पर लगा शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप** दरअसल, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा था कि GST एक्ट के तहत अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हैं। गिरफ्तारी नहीं की जाती है, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके गिरफ्तारी की धमकी दी जाती है। यह लोगों की स्वतंत्रता को कम कर रहा है। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सभी मामलों में लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जा सकता है। बेंच ने कहा कि धोखाधड़ी के मामलों और अनजाने में हुई चूक के बीच अंतर होना चाहिए।

**केंद्र ने कहा- राज्यों से जुड़ा डेटा इकट्ठा करना मुश्किल** कोर्ट ने GST एक्ट की धारा 69 में गिरफ्तारी की शक्तियों पर स्थिति साफ न होने पर चिंता जाहिर की। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी



राजू ने कहा कि वे सेंट्रल GST एक्ट के तहत नोटिस और गिरफ्तारियों से जुड़ा डेटा इकट्ठा करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों से संबंधित ऐसी जानकारी इकट्ठा करना मुश्किल होगा, लेकिन वे अगली सुनवाई के दिन बेंच के सवालों का जवाब देने की कोशिश करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 9 मई को होगी।

**2017 में लागू हुआ था GST** GST यानी गुड्स एंड सर्विस टैक्स एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स (VAT), सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 2017 में लागू किया गया था। GST में 5%, 12%, 18% और 28% के चार स्लैब हैं।

# गूगल वॉलेट ऐप भारत में लॉन्चः डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इवेंट टिकट और पास सहित अन्य चीजों को डिजिटली स्टोर कर सकते हैं यूजर्स

**नई दिल्ली**

टेक कंपनी गूगल ने भारत में एंड्रॉयड यूजर्स के लिए आज यानी 8 मई को प्राइवेट डिजिटल वॉलेट लॉन्च कर दिया है। इस ऐप में यूजर्स डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड,लॉयल्टी कार्ड,गिफ्ट कार्ड, इवेंट टिकट और पास सहित अन्य चीजों को स्टोर करके इस्तेमाल कर सकते हैं। ये ऐप गूगल पे ऐप से अलग है जो पैसे और फाइनेंस को मैनेज करने में मदद करता है। भारतीय मार्केट में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए गूगल ने 20 से अधिक ब्रांड्स के साथ पार्टनरशिप की है।




इसमें पीवीआर और आईनॉक्स, एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाइन लैब्स, कोच्चि मेट्रो और अभीबस सहित अन्य बिजनेस शामिल हैं। गूगल वॉलेट में यूजर्स ई कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट पर मिलने वाले सुपरकॉइन, शॉपर्स स्टॉप और अन्य ब्रांड के गिफ्ट कार्ड स्टोर कर सकते हैं।

**गूगल पे प्रायमरी पेमेंट ऐप बना रहेगा** गूगल एंड्रॉयड के जीएम और इंडिया इंजीनियरिंग लीड राम पापाटला ने कहा,'गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्रायमरी पेमेंट ऐप बना रहेगा। गूगल वॉलेट खास तौर पर नॉन-पेमेंट मामलों के लिए तैयार किया गया है।' **गूगल वॉलेट गूगल पे से किस तरह अलग?** गूगल वॉलेट एक सिक्योर और डिजिटल वॉलेट है, जो यूजर्स को कार्ड, इवेंट टिकट और पास सहित अन्य चीजों को स्टोर करने की सुविधा देता है। इस वॉलेट की मदद से आप सभी कार्ड एक जगह पर आसानी से मिल जाएंगे। गूगल वॉलेट के जरिये पेमेंट नहीं कर सकते हैं।

जबकि, गूगल पे में आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) के जरिए पेमेंट पेमेंट कर सकते हैं। इसके अलावा गूगल पे में इलेक्ट्रिसिटी बिल, मोबाइल बिल, ब्रॉडबैंड बिल और क्रेडिट कार्ड बिल का पेमेंट करने का भी ऑप्शन मिलता है।

# मोदी सरकार में 81 सरकारी कंपनियों का मार्केट-कैप 225% बढ़ाःवित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- निफ्टी CPSE ने 79% का रिटर्न दिया

**नई दिल्ली**

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के करीब 10 साल में शेयर मार्केट में लिस्टेड देश की 81 सरकारी कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 225% बढ़ा है। वहीं, इस दौरान निफ्टी CPSE (नेशनल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज) यानी शेयर बाजार में लिस्ट सरकारी कंपनियों ने 79% का जबरदस्त रिटर्न दिया है। फाइनेंस मिनिस्टर ने यह बात कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के उन आरोपों के जवाब में कही है, जिसमें दावा किया जा रहा था कि मोदी सरकार में सरकारी कंपनियों को खत्म कर रही है।

**UPA सरकार में सरकारी कंपनियां बर्बाद हुईं** निर्मला सीतारमण ने सरकार के अचीवमेंट्स गिनाते हुए दो X पोस्ट किए, इसमें उन्होंने कहा, 'सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली UPA सरकार में सरकारी कंपनियां बर्बाद हो रही थीं।' अपने X पोस्ट में वित्त वर्ष 2013-14 और 2022-23 की तुलना करते हुए कई फैक्ट्स पेश किए।

वित्त वर्ष 2014 में सभी CPSE की टोटल पेड-अप कैपिटल यानी शेयर बेचने से मिली राशि 1.98 लाख करोड़ थी। 31 मार्च, 2023 तक यह 155% बढ़कर 5.05 लाख करोड़ हो गई थी। वित्त वर्ष 2014 में सभी सरकारी कंपनियों का संचालन से ग्रॉस रेवेन्यू 20.61 लाख करोड़ था, जो फाइनेंशियल ईयर 2023 में 84%



बढ़कर 37.90 लाख करोड़ हो गया था। प्रॉफिट बनाने वाली सरकारी कंपनियों का शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2014 में 1.29 लाख करोड़ रहा था। फाइनेंशियल ईयर 2023 में यह 87% बढ़कर 2.41 लाख करोड़ तक पहुंच गया था। एक्साइज और कस्टम ड्यूटी, GST, कॉर्पोरेट टैक्स, लाभांश के जरिए सरकारी खजाने में सरकारी कंपनियों का योगदान FY14 में 2.20 लाख करोड़ था, जो फाइनेंशियल ईयर 2023 में 108% बढ़कर 4.58 लाख करोड़ तक पहुंच गया था।

31 मार्च 2014 तक सरकारी कंपनियों की नियोजित पूंजी 17.44 लाख करोड़ थी। 31 मार्च 2023 तय यह 119% बढ़कर 38.16 लाख करोड़ तक पहुंच गई थी। मार्केट में लिस्टेड देश की 12 सरकारी कंपनियों का मार्केट कैप तीन साल में 195% बढ़ा है। 31 मार्च 2021 को यह 5.45 लाख करोड़ था, जो 31 मार्च 2021 को 16.12 लाख करोड़ तक पहुंच गया।

# निवेशकों के 5 लाख करोड़ स्वाहा. सेंसेक्स 800 अंक से अधिक गिरा

**शेयर मार्केट में आज भारी गिरावट देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स में 800 अंक से ज्यादा गिरावट आई है। निफ्टी भी 22,100 अंक से नीचे आ गया है। सबसे ज्यादा गिरावट ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में दिख रही है।**

**नई दिल्ली**

शेयर मार्केट में आज भारी गिरावट देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स (BSE Sensex) में 800 अंक से ज्यादा गिरावट आई है। निफ्टी भी 22,100 अंक से नीचे आ गया है। सबसे ज्यादा गिरावट ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में दिख रही है। दोपहर बाद 1.50 बजे सेंसेक्स 743.83 अंक यानी 1.01% गिरावट के साथ 72,722.56 अंक पर ट्रेड कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स भी 237.20 अंक यानी 1.06% गिरावट के साथ 22,065.30 अंक पर गया। कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और चुनावी अनिश्चितता से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। बाजार में उथलपुथल की थाह देने वाला इंडेक्स India VIX भी 5% चढ़कर 17.85 पर पहुंच गया। इस गिरावट से निवेशकों को 5.32 लाख करोड़ रुपये का झटका लगा है। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 395.65 लाख करोड़ रुपये रह गया है जो 400 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा था। फाइनेंशियल शेयरों में भी काफी गिरावट दिख रही है। बीएसई पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और मारुति के शेयरों में तेजी आई है जबकि लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ब्रॉडर मार्केट्स में निफ्टी स्मॉलकैप में एक फीसदी गिरावट आई है जबकि मिडकैप भी 0.5 परसेंट नीचे आया है।

# सेंसेक्स में करीब 1000 अंकों की गिरावटःनिफ्टी करीब 300 अंक लुढ़का, ऑयल एंड गैस शेयर्स सबसे ज्यादा फिसले

**मुंबई**

शेयर बाजार में आज यानी 9 मई को गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स करीब 1000 अंक गिरकर 72,480 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में भी 300 अंक से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है, ये 22,000 के स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। ऑटो के शेयर को छोड़कर बाकी सभी सेक्टर्स के शेयर्स में गिरावट है। निफ्टी ऑटो में 0.77% की तेजी है। जबकि, ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा 2.81% की गिरावट है। इसके अलावा FMCG में 2.43%, मेटल में 2.57% और रियल्टी में 2.35% की गिरावट है। हीरो मोटोकॉर्प के शेयर में 3% से ज्यादा की तेजी टू-व्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के शेयर में 2024 की चौथी तिमाही के पॉजिटिव नतीजों के बाद करीब 6% की तेजी देखने को मिली। हालांकि, दोपहर 2:51 बजे यह 3.66%% की तेजी के साथ 4,782 रुपए पर कारोबार कर रहा था। चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 18% बढ़कर 1016.05 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 858.93 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। TBO टेक लिमिटेडः TBO टेक लिमिटेड इस IPO के जरिए 1,550.81 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 400 करोड़ के 4,347,826 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक 1,550.81 करोड़ के 16,856,623 शेयर




ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए बेचेंगे। आधार हाउसिंग फाइनेंसः आधार हाउसिंग फाइनेंस इस IPO के जरिए 3,000 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 1,000 करोड़ के 31,746,032 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक 2,000 करोड़ के 63,492,063 शेयर ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए बेचेंगे।

# इस दिन सोना खरीदेंगे तो एक साल में मिल सकता है 20% रिटर्न, जानिए कितनी तरह से करें निवेश

***इस बार अक्षय तृतीया पर शादियों के लिए मुहूर्त नहीं है, लेकिन सोना खरीदना खास रहेगा। ज्योतिषियों के मुताबिक सुबह 9 से रात 9.30 तक सोना खरीद सकते हैं। इसके लिए 3 मुहूर्त रहेंगे।***




*सोने की कीमतों में आ रही तेजी देखकर बिजनेस एक्स्पर्ट्स का कहना है कि इस अक्षय तृतीया पर सोना खरीदा तो अगले साल 20% तक रिटर्न मिल सकता है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार पिछली अक्षय तृतीया पर सोना 60,191 रुपए 10 ग्राम था। जो अब 71,600 रुपए पर पहुंच गया है। यानी बीते एक साल में सोना 11,409 रुपए (20%) महंगा हुआ है। सोने में यही तेजी जारी रही तो अगली अक्षय तृतीया तक सोना 85 हजार के पार निकल जाएगा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक भी ये ट्रेंड जारी रहने की संभावना है। इस कारण सालभर में 20% तक रिटर्न मिल सकता है। विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया का कहना है कि 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स हैं। लॉन्ग टर्म के लिए सोने में निवेश फायदेमंद रहता है। 2020 में सोना 48,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 71 हजार से ज्यादा हो गया है। बीते 5 सालों की बात करें तो सोने ने कुल 50% का रिटर्न दिया है। इसे साल के हिसाब से जोड़ा जाए तो सालाना 10% रिटर्न होता है। आप इस बार अक्षय तृतीया पर सोने में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं, तो फिजिकल गोल्ड जैसे ज्वैलरी या सोने के बिस्किट-सिक्कों के अलावा भी अन्य तरीकों से पैसा लगा सकते हैं। इसमें आपका पैसा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। पैसों की जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से बेच सकेंगे और इस पर लोन भी ले सकते हैं।*

## कैप्टन निषाद फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**मुजफ्फरपुरः** कच्ची पक्की स्थित कैप्टन निषाद सभागार कक्ष में कैप्टन निषाद फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता अजय निषाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम और राधा-कृष्ण की आरती से हुई। इसके बाद कलाकारों ने होली गीतों की प्रस्तुति दी। पारंपरिक फगुआ गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व सांसद अजय निषाद ने ने कहा कि होली भाईचारे और प्रेम का त्योहार है। यह हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकता का संदेश देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज में समरसता और सद्भावना को बढ़ावा देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक व्यंजनों में गुजिया, दही-बड़ा, ठंडाई और मिठाइयों का आनंद लिया। जिले के कई प्रमुख लोगों ने इस पहल की सराहना की। सभी ने मिलकर होली के रंगों के साथ एकता और सद्भाव का संदेश दिया। वही पूर्व संसद श्री निषाद की पत्नी रमा निषाद ने कहा कि होली में सभी गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे को गले लगाते है। सभी जिले के कार्यकर्ता आए हुए हैं। हम लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली को सौहार्द पूर्ण तरीके से मना रहे हैं।

इस अवसर पर एक होली विशेषांक पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। कैप्टन निषाद फाउंडेशन के तत्वावधान होली मिलन समारोह के अवसर पर होली मूड 2025 पत्रिका का लोकार्पण किया गया। पत्रिका का लोकार्पण पूर्व सांसद अजय निषाद ने किया। इस अवसर पर श्री निषाद ने कहा कि शहर की सांस्कृतिक गरिमा और होली के लिए विख्यात इस शहर में होली मूड पत्रिका का प्रकाशन सराहनीय है।

इस अवसर पर डॉ सत्यप्रकाश,कृष्ण कुमार सिंह,डॉ धनंजय कुमार सिंह, प्रो हरिशंकर भारती, मोहन सहनी, शंकर कुशवाहा, अंजना कुशवाहा, ऋषिकेश सहनी, सौरभ कुमार साहेब, श्याम नंदन यादव , ऋतुराज सहनी,सुशीला, रंजना, सुमित कुमार, उमाशंकर सहनी, जगदीश सहनी, रामबाबू सहनी, भोला सहनी, विनोद सहनी, मनोज सहनी, विकाश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में जिले के लोग उपस्थित थे।

## भाकपा व सीपीएम की संयुक्त बैठक में 16 मार्च से 19 मार्च तक सघन प्रचार प्रसार



**जयनगर** आगामी 20 मार्च को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी एवं भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के संयुक्त राज्यव्यापी आह्वान 'बदलो सरकार - बचाओ बिहार'के संकल्प के साथ मधुबनी जिला समाहर्ता के समक्ष विशाल जन प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को जयनगर राजहाट वार्ड संख्या 2 स्थित भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय में अंचल मंत्री रामनारायण बनरैत की अध्यक्षता व संचालन में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सीपीएम के मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र यादव व सीपीआई के जिला मंत्री मिथिलेश झा ने संबोधित करते हुए कहा कि जनहित में हमारी 24 सूत्री मांगें हैं। जिसमें जन वितरण प्रणाली को मजबूत करने, कृषि उत्पाद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, किसान की अधिग्रहित जमीन का बाजार दर पर मुआवजा, किसान के बिना सहमति के जमीन अधिग्रहण पर रोक, बेघर को 10 डिसमिल जमीन व मकान, लंबित बटाईदारी मुकदमा का शीघ्र निष्पादन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 3000,दो सौ युनिट बिजली मुफ्त हो, स्मार्ट मीटर वापस हो, आरक्षण वृद्धि संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल करने, मंहगाई पर रोक लगाने, अपराध व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, सभी योजना कर्मी आंगनबाड़ी, आशा, ममता, मध्यान्ह भोजन कर्मी, वैक्सीन कुरियर एवं जीविका कैडर का स्थायीकरण करने, बेरोजगार को रोजगार या बेरोजगारी भत्ता देने, सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूरा करने, दाखिल खारिज परिमार्जन एवं राजस्व संबंधी कार्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने,जन आंदोलन पर हमला बन्द करने,कृषि ऋण की माफी,फसल बीमा में बटाईदार के अधिकार की सुरक्षा एवं योजना में व्याप्त जटिलता समाप्त करने, नलजल योजना में हुए भ्रष्टाचार की सर्वदलीय जांच एवं दोषी पर कठोर कार्रवाई करने समेत अन्य मांगे हैं। उन्होंने कहा कि इन जनहित की मांगों को लेकर मधुबनी जिला समाहर्ता के समक्ष विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर गांव गांव में 16 मार्च से 19 मार्च तक सघन प्रचार प्रसार व जन-संपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी से जिले में हजारों की संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में कामरेड सत्यनारायण यादव,राम आधार ठाकुर,दौरिक राय, उपेन्द्र यादव,पवन यादव, सुन्दर मुखिया समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुकानदार से 30 हजार की मांगी रंगदारी

**घोघरडीहा** होली का खर्चा नही देने पर मारपीट करते हुए दुकान पर लूटपाट करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना थाना क्षेत्र के तिलाठ चौक पर 10 मार्च की है।थाना पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेखित विवरण के अनुसार तिलाठ निवासी सुनील यादव के पुत्र कृष्ण आनन्द कुमार के दुकान पर चार बाइक पर सवार सात युवक आया और रंगदारी में होली की खर्चा के नाम पर 30 हजार देने से इंकार करने पर सभी ने मिलकर मारपीट करते हुए गल्ला से पैंतीस हजार नगदी एवं गला से सोने का चेन छिनतई कर लिया।कृष्णा आनन्द ने आवेदन में उल्लेख किया है कि हथियार का भय दिखाकर कहा कि दुकान करते हो तो रंगदारी देना होगा और नही दोगे तो हत्या कर लाश को कोशी नदी में फेंक देंगे।हो हल्ला की आवाज सुनकर स्थानीय लोगो को आते देख सभी बाइक पर सवार होकर भाग गया।दुकानदार ने फुलपरास थाना क्षेत्र के महुलिया निवासी मनोज कुमार एवं महादेवा निवासी रंजन यादव,पुष्पक कुमार,अमरेंद्र यादव,रौशन कुमार यादव,राकेश यादव,प्रद्युत कुमार यादव सहित तीन चार अज्ञात के शामिल होने की बात कही है।इस बाबत थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा को काल किया तो घटना की जानकारी होने से इनकार करते हुए कहा कि कोर्ट में हूं लेकिन पुनःकॉल कर कहा कि जांच के लिए पदाधिकारी को भेजा गया है।

## सभी प्रखंडाधीन विद्यालय में सोमवार को वर्ग 1, 2 की मौखिक परीक्षा से प्रारंभ हुई

**रहिका** प्रखंड के विद्यालय वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन 2025 का आयोजन सभी प्रखंडाधीन विद्यालय में सोमवार को वर्ग 1, 2 की मौखिक परीक्षा से प्रारंभ हुई। सोमवार व मंगलवार को कक्षा 1, 2 की मौखिक परीक्षा का आयोजीत होगा। वर्ग 3 से लेकर वर्ग 8 की सभी विषयों की परीक्षा लिखित रूप बुधवार से प्रारंभ की जायेगी। शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक में वैसा छात्रों को उसी विद्यालय में रोका जा सकता जो उस कक्षा में निर्धारण ग्रेड जो विभाग द्वारा नहीं लाते है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रहिका प्रभाष पाठक ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार तालिका के अनुरूप परीक्षा आयोजित की जा रही है।

## भारी मात्रा में शराब बरामद, एक गिरफ्तार



राजनगर सोमवार को राजनगर थाना अंतर्गत ब्लांट गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब के साथ एक तस्कर व एक मोटरसाइकिल को गिरफ्तार किया गया। बाकी अन्य छह तस्कर हुआ फरार।पुलिस ने उनके पास से 15.35 लीटर शराब बरामद की है।थाना अध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक तस्कर को रंगे हाथों पकड़ा।

# नेपाल से लाई जा रही थी शराब की खेप, दो धंधेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर** होली को देखते हुए शराब कारोबारी अपने शराब कारोबार को लेकर शराब की खेप मंगाने में लगे हुए हैं। होली से पूर्व इस बार खुद जिले के वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग थाना क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है। उन्हें क्या पता इस बार मुजफ्फरपुर पुलिस भी इन कारोबारियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। इतना ही नहीं, इस बार स्थानीय थाना के साथ साथ जिले के वरीय अधिकारी भी इन शराब कारोबारी पर अपनी नजर बनाए हुए हैं ताकि पूरी तरह से इन शराब कारोबारी के मंसूबों को ध्वस्त किया जा सके। होली से पूर्व इस बार खुद जिले के वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग थाना क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है। शहर हो गांव हो या गांव की पगडंडी हो किसी भी सूरत में शराब कारोबारी को बख्शने के मूड में मुजफ्फरपुर पुलिस नहीं दिख रही है। इसी बीच इसकी सूचना औराई थाना प्रभारी राजा सिंह को मिल गई कि दो शराब कारोबारी नेपाल से शराब की खेप लेकर मुजफ्फरपुर पहुंच रहे हैं। सूचना के आलोक में औराई थाना प्रभारी राजा सिंह ने दल बल के साथ औराई थाना क्षेत्र के कटौझा चौक के समीप घेराबंदी कर दोनों शराब कारोबारी को धर दबोचा लिया। दोनों कारोबारी की तलाशी लेने पर नेपाली ब्रांड के शराब की दर्जनों बोतल बरामदगी हुई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया इस मामले को लेकर औराई थाना प्रभारी राजा सिंह ने बताया कि नेपाल से शराब की खेप लेकर दो कारोबारी औराई थाना क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। यह सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद थाना क्षेत्र के कटौझा चौक के समीप घेराबंदी कर दोनों शराब कारोबारी को पकड़ा गया है। जिसके पास से नेपाली ब्रांड के दर्जनों शराब की बोतल को बरामद किया गया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के देवकुली बुजुर्ग के निवासी फ़ुल्टुन साह और कटौझा के लाल किशोर साह के रूप में हुई है। दोनों गिरफ्तार कारोबारी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कवायद की जा रही थी।

# 1942 में निर्मित राम किशोर उच्च विद्यालय छपरा के जर्जर भवन का मामला विधान परिषद में उठा



**मुजफ्फरपुर** मीनापुर प्रखण्ड अंतर्गत NH 77 से सटे छपरा में 1942 में आजादी से पहले निर्मित राम किशोर उच्च विद्यालय के जर्जर भवन का मामला तिरहुत स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने विधान परिषद में निवेदन के माध्यम से उठाया है। एमएलसी वंशीधर ब्रजवासी ने राम किशोर उच्च विद्यालय छपरा रामपुरहरी में वर्ग वार क्लास रूम निर्माण हेतु सरकार से आग्रह किया। साथ ही, ब्रजवासी ने कहा कि इस विद्यालय कि स्थापना 1942 में हुई। इसमें 850 से अधिक बच्चें नामांकित हैं। साथ ही इस विद्यालय में 22 शिक्षकों की भी उपलब्धता हैं। लेकिन पठन-पाठन हेतु मात्र एक कमरा छतदार हैं। बाकी का कमरा जर्जर अवस्था में हैं। जो खंडहर में तब्दील हो चूका हैं। हमेशा गिरते ढहने के कारण शिक्षक एवं बच्चें दुर्घटना के शिकार होने के डर से सहमे रहते हैं। कक्षा सह क्लास रूम नहीं होने की वजह से बच्चें पढ़ाई से वंचित रह जा रहे हैं। सरकार के तरफ से नये भवन निर्माण हेतु कोई प्रयास नहीं किया जा रहा हैं। वंशीधर ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि जल्द से जल्द भवन का निर्माण हो। उन्होंने सदन में कहा कि जिले में सैकड़ो विद्यालय भवनहीन एवं भूमिहीन हैं। जिसका मुद्दा हमने पिछले दिनों दिशा के बैठक में भी उठाया था। लेकिन अब तक कोई पहल इन विद्यालयों के आधारभूत संरचना में सुधार हेतु नहीं हुआ हैं। स्थानीय समाजसेवी छात्र नेता अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि इससे पहले भी कई बार से विद्यालय के आधारभूत संरचना के सुधार के लिए प्रयास स्थानीय पूर्व प्रभारी मंत्र, जिला अधिकारी, लोक शिकायत में परिवाद दायर किया। परंतु आज तक सरकार का ध्यान नहीं गया। विधान पार्षद ब्रजवासी के पहल से उम्मीद हैं कि जल्द ही भवन का निर्माण हो पायेगा। सरकार के उपेक्षा से इस क्षेत्र का सबसे पुराना विद्यालय खंडहर में तब्दील हो चूका हैं। विधान परिषद में मामला उठने पर दीनबंधु क्रान्तिकारी, प्रभात कुमार प्रभाकर, अमित कुमार मुनमुन, अमित कुमार झा, कुंदन अहिरान, शिवम झा,श्याम गोस्वामी,पप्पू राय, छोटू कुमार, राजन कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# प्रशिक्षु IPS गरिमा के नेतृत्व में कई अवैध शराब भट्ठियां नष्ट



**मुजफ्फरपुर** जिले में होली से पहले जहरीली शराब की रोकथाम के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया। सरैया थाना क्षेत्र में शराब भट्ठियां नष्ट करने गई पुलिस टीम पर महिलाओं ने हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक पुरुष और छह महिलाओं को हिरासत में लिया और बड़ी मात्रा में शराब और शराब बनाने का सामान जब्त किया। मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया गया। बहिलवारा रुपनाथ उत्तरी पंचायत के बहिलवारा भुआल उतरी गढ़ टोला में पुलिस टीम अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट करने पहुंची थी। यहां शराब माफियाओं के उकसावे पर कुछ महिलाओं ने पुलिस पर हमला बोल दिया।एसआई अनिल कुमार ने पहले महिलाओं को समझाने की कोशिश की। लेकिन जब महिलाएं नहीं मानी और गाली-गलौज करने लगीं तो स्थिति बिगड़ गई। एसआई अनिल कुमार ने तुरंत प्रशिक्षु IPS गरिमा, जो थाना प्रभारी भी हैं, और एसडीपीओ कुमार चंदन को सूचना दी। दोनों अधिकारी जैतपुर, करजा, तुर्की और सरैया थानों की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

प्रशिक्षु आईपीएस गरिमा के सख्त तेवर देखकर उपद्रवी पुरुष और महिलाएं भागने लगे। पुलिस ने एक पुरुष और छह महिलाओं को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने पूरे गांव में छापेमारी की। मिट्टी के नीचे छिपाकर रखी गई अधबनी शराब और शराब बनाने का सामान बरामद कर उसे नष्ट कर दिया गया।

प्रशिक्षु आईपीएस गरिमा के नेतृत्व में पुलिस ने बनिया, उफरौल मुसहर टोला और बखरा पासवान टोला में भी छापेमारी की। यहां से सैकड़ों लीटर अधबनी कच्ची शराब और शराब बनाने का सामान नष्ट किया गया। लगभग 30 लीटर विदेशी शराब भी जब्त की गई। पुलिस को देखकर तस्कर भाग निकले, इसलिए किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। शराब माफियाओं में हड़कंप पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशिक्षु IPS गरिमा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हजारों लीटर अधबनी कच्ची शराब नष्ट की गई है। लगभग 100 लीटर कच्ची शराब और 30 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। सभी धंधेबाजों की पहचान कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

# अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ 20 मार्च को मधुबनी में विशाल रैली होगी : शशि भूषण



**बासोपट्टी** प्रखंड के कमालपुर हाट के जगत नारायण सफी के विवाह भवन मे सीपीएम का 13 वॉ अंचल सम्मेलन कॉमरेड रामजी यादव के दिशा निर्देश में आयोजित हुआ, सम्मेलन की शुरुआत झंडा तोलन रामजी यादव ने किया, उसके बाद शहीद बेदी पर सभी नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया गया, सम्मेलन शत्र को संबोधित करते हुए सीपीएम के जिला सचिव मंडल सदस्य शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि बिहार नीतीश जी के राज में अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला है , पुलिस प्रशासन अपराधी को संरक्षण दे रही है, जनता के लोक कल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार है जिसके खिलाफ 20 मार्च को मधुबनी में ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें बड़ी संख्या में किसान मजदूर भाग लेंगे जिस रैली को राज्य और केंद्रीय नेता संबोधित करेंगे। सम्मेलन सभा को कुमार राणा प्रताप सिंह, रमेश शर्मा , विजय पासवान ने संबोधित किया और सर्वसम्मति से नये 9 सदस्यीय अंचल कमिटी गठन किया गया और सर्वसम्मति से विजय पासवान को अंचल सचिव बनाया गया, अंचल कमिटी में बद्री पासवान,राम विलास दास, अनीता देवी, चन्द्रेश्वर यादव, संजय ठाकुर,धनीक लाल यादव, तेतरी देवी,राम सखी देवी सहित अन्य नेता कमिटी में शामिल हुए। सम्मेलन मंच सीताराम येचुरी और भोगेंद्र यादव नगर में हुआ समापन भाषण रामजी यादव ने किया जबकि बेनीपट्टी के अंचल मंत्री पवन भारती सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## होली त्योहार के मद्देनजर विधि व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक



**बेनीपट्टी** होली त्योहार के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी के कार्यालय प्रकोष्ठ में विधि व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी एसडीओ श्री विवेक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई। प्रभारी एसडीओ द्वारा सभी थानाध्यक्ष, बीडीओ, सीओ को निदेशित किया गया कि होली के दिन सभी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखेंगे। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर जहाँ पूर्व में किसी प्रकार के सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का इतिहास हो तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में जहाँ मस्जिद अवस्थित हो वहाँ विशेष सतर्कता बरतेंगे। किसी भी परिस्थिति में डीजे की अनुमति नहीं दी जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भोजपुरी द्विअर्थी गाना नहीं बजाया जाए। इसके लिए सरकार द्वारा अलग से निर्देश जारी किया गया है। प्रभारी एसडीओ के द्वारा बताया गया कि सभी बीडीओ और एसएचओ यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्रांतर्गत सभी पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारी अपने-अपने निर्दिष्ट स्थान पर ससमय उपस्थित रहे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने आसूचना तंत्र को मजबूत रखने एवं किसी भी अपवाह का तुरंत खंडन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी प्रखण्ड स्तर पर नियंत्रण-कक्ष की स्थापना की जाए ताकि किसी भी प्रकार की संवादहीनता न हो । प्रभारी एसडीओ ने बताया कि सभी थानाध्यक्ष अपने यहाँ शांति समिति की मीटिंग आज ही कर लेंगे तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करेंगे। होली खेलने वाली टोली पर भी पैनी नजर बनाए रखेंगे तथा संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में अनुमंडल प्रशासन से सम्पर्क स्थापित कर सूचना देंगे तथा सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए रखेंगे। प्रभारी एसडीओ के द्वारा अग्निशमन पदाधिकारी को संवत् की रात पूरी सतर्कता बरतने और अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल में समुचित व्यवस्था करने तथा एम्बुलेंस तैयार रखने का भी निर्देश दिया। बैठक में बेनीपट्टी अनुमंडल के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष,सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 21प्रखंडों के लिए 21 चापाकल मरम्मती दल को जिलाधिकारी ने वाहन सहित हरी झंडी दिखाई




**मधुबनी** जिला के लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, मधुबनी एवं जिला लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, झंझारपुर के तहत कुल 21 प्रखंडों के लिए 21 चापाकल मरम्मती दल को जिलाधिकारी ने वाहन सहित हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला के लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, मधुबनी अन्तर्गत कुल 11 प्रखंडों के लिए 11 चापाकल मरम्मति दल का रवाना जिला पदाधिकारी, अरविन्द कुमार वर्मा व कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, मधुबनी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। सभी मरम्मति दल में चापाकल मिस्त्री एवं खलासी चापाकल मरम्मति के सामग्री के साथ मौजूद है। इस प्रमण्डल प्रमण्डल अन्तर्गत कुल 25186 अदद चापाकल है, जिसमें अब तक के सर्वे के अनुसार 2756 अदद चापाकल खराब है, जिसके मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक अदद मरम्मति दल भ्रमणशील रहकर मरम्मति का कार्य करेंगे, ताकि गर्मी के मौसम में कहीं भी पेयजल की समस्या ना हो। चापाकल मरम्मति कार्य से संबंधित कोई भी शिकायत प्रमण्डल अन्तर्गत स्थापित कंट्रोल रूम से किया जा सकता है। लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, मधुबनी का दूरभाष सं0-06276-296190 है। आज ही लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, झंझारपुर अन्तर्गत कुल 10 प्रखंडों के लिए 10 चापाकल मरम्मति दल का रखाना जिला पदाधिकारी, अरविन्द कुमार वर्मा व कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, झंझारपुर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। सभी मरम्मति दल में चापाकल मिस्त्री व खलासी चापाकल मरम्मति के सामग्री के साथ मौजूद है। इस प्रमण्डल प्रमण्डल अन्तर्गत कुल 20652 अदद चापाकल है। जिसमें अबतक के सर्वे के अनुसार 2410 अदद चापाकल खराब है। जिसके मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक अदद मरम्मति दल भ्रमणशील रहकर मरम्मति का कार्य करेंगे, ताकि गर्मी के मौसम में कहीं भी पेयजल की समस्या ना हो। चापाकल मरम्मति कार्य से संबंधित कोई भी शिकायत प्रमण्डल अन्तर्गत स्थापित कंट्रोल रूम से किया जा सकता है। लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, झंझारपुर का दूरभाष सं0-06273-222280 है।

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लदनियां**। थाना क्षेत्र के 18वी वाहनी सशस्त्र सिमाबल बीओपी लदनियां के जवानों ने सीमा पर गश्ती करते हुए एक नेपाली नागरिक के पास से ।228750 नेपाली रुपये और 500 का भारतीय नोट मिला। वह नेपाल सिरहा जिले के लहान थाना स्थित पररिया गांव का रहनेवाला है। जवानों ने जब्त सामान समेत उस ब्यक्ति को आगे कि करवाई हेतु स्थानीय लदनिया थाना को सौंपा। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि इसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हालांकि नेपाली नागरिक का और उनके परिजन का कहना था कि वे लोग बेटी शादी के लिए खरीददारी करने लदनियां बाजार आयें थें। लदनिया से साटे नेपाल के सीमाई लोगो का बिस्तृत बाजार जयनगर. लदनीय है

## बेतिया राज की ज़मीन पर बनेगा बिहार का नया विकास मॉडल, केके पाठक की बुलडोज़र कार्रवाई से हड़कंप



बेतियाः बेतिया राज की ज़मीन पर बिहार सरकार उद्योग और मेडिकल हब बनाने की तैयारी कर रही है। राजस्व पर्षद के अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी के के पाठक ने मंगलवार को बेतिया का दौरा किया और अतिक्रमित ज़मीन को खाली कराने के निर्देश दिए। सरकार की योजना हजारी पशु मेला ग्राउंड को आधुनिक टाउनशिप में बदलने की भी है। इसमें स्कूल, कॉलेज और खेल के मैदान बनाए जाएंगे। केके पाठक ने स्पष्ट किया कि बेतिया राज की ज़मीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस ज़मीन का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं के लिए किया जाएगा। राज्य सरकार बेतिया राज की लगभग 21 हज़ार करोड़ रुपये की ज़मीन पर बड़े विकास कार्य करने की योजना बना रही है। इस ज़मीन पर उद्योग और मेडिकल हब स्थापित करने का प्रस्ताव है।

# मर्द कूड़ा होते हैं... आखिर 66 करोड़ की मालकिन ने क्यों कह डाले ये कड़वे शब्द, क्या सच में ऐसे होते हैं आदमी?




**दो लोग प्यार करते हैं और एक-दूसरे को जीवनसाथी बनाने का फैसला ले लेते हैं। लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि दोनों राहें अलग करने के मोड़ पर आ जाते हैं। इस बीच प्यार की जगह दिल और जुबां पर कड़वाहट आ जाती है। इसका परफेक्ट एग्जाम्पल 66 करोड़ की मालकिन बन चुकी है।**

प्यार... एक ऐसा शब्द है जो दिल के बेहद करीब होता है। इसके कई रूप होते हैं, जिसके साथ कई तरह की भावनाएं भी जुड़ी होती हैं। खासतौर से जब बात दो चाहने वालों की हो, तब तो पूरा मामला और भी ज्यादा भावनात्मक हो जाता है। यही तो वजह है कि प्यार में डूबे दो अंजान शख्स एक-दूसरे को जीवनसाथी बनाने जैसा जिंदगी को बदल देने वाला फैसला तक ले लेते हैं।

हालांकि, यही गहरा प्यार जब कड़वाहट का रूप ले लेता है, तो न सिर्फ दिल बल्कि मुंह में भी सिर्फ और सिर्फ कड़वे शब्द आने लग जाते हैं। इसी का एक उदाहरण एमिली रतजकोव्स्की भी बन चुकी हैं। हमेशा चेहरे पर मुस्कान लिए दिखने वाली ये एक बच्चे की मां और करीब 66 करोड़ की नेट वर्थ रखने वाली महिला अपने दिल में पूर्व पति के लिए कितनी नफरत लेकर चल रही है, ये शब्दों से ही जाहिर हो गया। लेकिन सच कहें तो आप भी जब इसके पीछे का कारण जानेंगे, तो यही कहेंगे कि प्यार की जगह नफरत ही इस शख्स के लिए सही है। (सभी इंस्टाग्राम पिक्सः emrata)

क्या कहा एमिली ने? दरअसल, एक पॉडकास्ट के दौरान एमिली से उनके तलाक पर आए लोगों के रिएक्शन को लेकर सवाल किया गया था। इस पर जवाब देते हुए मॉडल ने कहा था 'लोगों की जो प्रतिक्रिया आई, वो काफी रोचक रही। क्योंकि मेरा रिएक्शन था कि लेडीज... आदमी कूड़ा होते हैं। और इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं या आप कितनी परफेक्ट हैं।'

इस रिएक्शन के पीछे की वजह समझाने के लिए हम इस पूरे मामले की कहानी आपको बताते हैं।

क्या थी लोगों की प्रतिक्रिया और किस बात पर बोले लोग? एमिली एक बेहद मशहूर मॉडल हैं, जो अपने स्टनिंग लुक्स के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने मूवी प्रोड्यूसर सेबस्टियन बीयर-मैक्लार्ड से शादी की थी। हालांकि, बेटे के जन्म के करीब एक साल बाद ही दोनों ने अलग होने का फैसला ले लिया। इसकी वजह ये थी कि सेबस्टियन सिलसिलेवार चीटर थे। उन्होंने शादीशुदा होते हुए भी कई महिलाओं से रिश्ते रखे। इस खुलासे पर लोगों ने हैरानी जताई थी। ज्यादातर लोगों का ये कहना था कि 'एमिली जैसी आकर्षक महिला, जिसे न जाने कितने पुरुष पाना चाहेंगे, वो भी भला पार्टनर की चीटिंग का शिकार कैसे हो सकती है?' और लोगों के इसी रिएक्शन पर एमिली ने 'आदमी कूड़ा होते हैं' वाला बयान दिया था।

क्या सच में सारे मर्द ऐसे होते हैं? इस मामले में एमिली का नफरत से भरे इन शब्दों का इस्तेमाल समझा जा सकता है। भला ऐसी कौन महिला होगी, जिसे ये बर्दाश्त होगा कि उसका पति उसे धोखा देते हुए दूसरी महिलाओं संग संबंध रखे। हालांकि, ये भी स्वीकार करना होगा कि धोखा सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी देती हैं। ऐसे में किसी एक जेंडर को ही धोखेबाज कह देना सही नहीं।

**हमेशा साथी को समर्पित रहने वाले पुरुष भी कम नहीं** अगर दुनिया में ऐसे मर्द हैं, जो महिलाओं को सिर्फ वस्तु समझते हैं, तो ऐसे पुरुषों की भी कमी नहीं, जो अपनी महिला पार्टनर को जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा मानते हैं। दुनिया में ऐसे कई जोड़े हैं, जिनकी शादी को 50 साल से भी ज्यादा हो चुके हैं और आज भी वो हैपी मैरिड लाइफ जी रहे हैं। रिश्ते को इतना लंबा चलाने में अगर महिला साथी का सहयोग रहा होगा, तो मेल पार्टनर ने भी कम एफर्ट्स नहीं लगाए होंगे।

**लेकिन एमिली का फैसला बिल्कुल सही है** खैर, अगर एमिली के मामले पर वापस आएं, तो ये मानना पड़ेगा कि बेटे के जन्म के बाद भी पति से अलग होने का उन्होंने जो फैसला लिया वो बिल्कुल सही था। 'वन्स अ चीटर, ऑलवेज अ चीटर' को अगर कोई शादीशुदा जिंदगी जीने के दौरान ही कई बार साबित कर चुका हो, तो भला उससे भविष्य में सुधर जाने की कैसे उम्मीद की जा सकती है। इससे बेहतर तो यही है कि ऐसे टॉक्सिक रिलेशन से खुद को दूर कर लिया जाए और अपने दिल के दरवाजे खोलते हुए नए वफादार प्यार का स्वागत किया जाए।

# बच्चों को बुद्धु और फेलियर बना रहे हैं इंडियन पेरेंट्स, साइकोलॉजिस्ट ने लगाई फटकार



***कई मां-बाप अपने बच्चे को लाड-प्यार में बिगाड़ देते हैं और उसका सारा काम खुद करने लगते हैं। साइकोलॉजिस्ट ने बताया है कि पैरेंट्स का ऐसा करना एकदम गलत है और उन्हें ऐसा करना आज से ही छोड़ देना चाहिए।***

*बच्चों के लिए मां-बाप का प्यार बेशकीमती होता है। कहते हैं कि इस दुनिया में मां-बाप जैसा और उनके जितना प्यार और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि, कई बार मां-बाप बहुत ज्यादा लाड-प्यार में अपने बच्चे को बिगाड़ देते हैं। वो अपने बच्चे को लेकर ओवर प्रोटेक्टिव हो जाते हैं या उस पर बहुत ज्यादा दुलार दिखाने लगते हैं।*

*बच्चों के प्यार में कई बार पैरेंट्स उसे बिगाड़ भी देते हैं। साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर माला वोहरा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर के बताया है कि मां-बाप को अपने बच्चों की परवरिश किस तरह से करनी चाहिए। अगर आप भी एक पैरेंट हैं और अपने बच्चों को सही तरीके से पालना चाहते हैं या उन्हें अच्छे संस्कार देना चाहते हैं, तो डॉक्टर माला की बताई बातों पर जरूर ध्यान दें।*

***खुद करते हैं काम*** *डॉक्टर माला ने वीडियो में कहा है कि कुछ मां-बाप अपने बच्चों के सारे काम खुद करते हैं। बच्चे को अपने हाथ से खाना खिलाते हैं, उसके फीते खुद बांधते हैं। उन्होंने कहा कि आठ साल के बच्चे का फीता भी मां खुद बांध रही है। बस यहीं पर मां-बाप अपने बच्चों की परवरिश में गलती कर रहे हैं।*

***पैरेंट्स को क्या करना चाहिए*** *डॉक्टर ने कहा कि मां-बाप अगर अपने बच्चे को सफल बनाना चाहते हैं, तो उसे अपने काम खुद करने दें और उसे जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाएं। आप इस बात को समझिए कि बच्चा कुछ काम अपने आप कर सकता है। 6 साल का बच्चा खुद कपड़े पहन सकता है। इस काम में उसे आपकी मदद की जरूरत नहीं पड़ती है।*

***बच्चे को स्किल्स दें*** *साइकोलॉजिस्ट माला ने कहा कि आप बच्चे के हर काम करना बंद कर दें। अगर उसे कपड़े पहनना नहीं आता है, तो उसे कपड़े पहनाने के बजाय उसे खुद पहनना सिखाएं। आप बच्चे के हर काम के लिए उपलब्ध न रहें बल्कि उसे इस जिंदगी में सर्वाइव करने के लिए स्किल्स सिखाएं।*

***आप नहीं होंगे तब?*** *हर बार हर परिस्थिति या हर जगह पर आप बच्चे के साथ मौजूद नहीं हो सकते हैं। ऐसे में चीजों के साथ डील करने और अपने काम खुद करने के लिए आपको ही अपने बच्चे को तैयार करना होगा। आप उसमें स्किल्स डालें और उसे जिम्मेदारी एंव आत्मनिर्भर बनाएं। खाने की प्लेट रखना और अपने लिए खुद पानी लेना, ये कुछ बेसिक स्किल्स हैं जो आपको अपने बच्चों को करने के लिए मोटिवेट करना चाहिए।*

***बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ेगा*** *अगर आपका बच्चा स्टडी टेबल पर पढ़ाई करता है, तो उसे अपनी टेबल को खुद साफ करने के लिए कहें। इससे बच्चे को अच्छा महसूस होगा और उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। यदि बच्चे को काम करने में दिक्कत आ रही है, तो आप उसके लिए वहां मौजूद रहें, उसका मार्गदर्शन करें लेकिन उसका काम खुद न करें।*

# अब नहीं पड़ेंगे आपके हाथ काले, घर पर बनी इस सनस्क्रीन से UV किरणें नहीं कर पाएंगी आपका बाल भी बांका

***गर्मियों के मौसम में धूप से बचाने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। वैसे तो बाजार में कई तरह की सनस्क्रीन मिल जाती हैं, लेकिन आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन के लिए घर पर बनी सनस्क्रीन का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।***



*अब नहीं पड़ेंगे आपके हाथ काले, घर पर बनी इस सनस्क्रीन से UV किरणें नहीं कर पाएंगी आपका बाल भी बांका आप में से ज्यादातर लोगों का ऑफिस और कॉलेज टाइल 8-10 बजे के बीच का होगा, यही वो समय होता है जब हमारी स्किन को धूप में सबसे ज्यादा एक्सपोजर होता है। ऐसे में पूरी गर्मी एक सनस्क्रीन खरीदने में ही चला जाता है। लेकिन अगर हम कहें कि आप बाकी चीजों की तरह सनस्क्रीन को भी घर में बना सकती हैं तो!*

*जी हां, और आज हम आपको इस लेख में घर पर ही सनस्क्रीन बनाने की ऐसी रेसिपी बताने वाले हैं, जो आपकी स्किन को टैनिंग से बचाएगी, जिससे आपकी स्किन का बाल भी बांका नहीं होगा। तो आज से ही बाजार से केमिकल वाले सन प्रोटेक्शन प्रोडक्ट खरीदना बंद और नेचुरल सनस्क्रीन का इस्तेमाल शुरू। आइए जानते हैं घर पर बना ये आसान नुस्खा।* ***एलोवेरे से बनाएं सनस्क्रीन*** *एलोवेरा हमारी स्किन के लिए बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होता है। ये स्किन को एक्सफोलिएट करने, डेड स्किन को रिमूव करने और चेहरे पर ग्लो देने का काम करता है। इसमें हमारी बताई कुछ सामग्रियों को डालने से एलोवेरा के फायदे तो बढ़ेगे ही साथ ही ये आपकी स्किन को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में भी मदद करेगा।*

***क्या मिलाएं एलोवेरा जेल में***

*1/2 कप नारियल का तेल*
*5-7 बूंद पिपरमिंट एसेंशियल ऑयल*
*1 चम्मच शीया बटर*

***ऐसे करें सनस्क्रीन को तैयार*** *सबसे पहले एक कटोरी में ऊपर बनाई गई सभी सामग्री को एलोवेरा जेल में मिक्स कर दें। अब ये इस्तेमाल के लिए तैयार है। आप इसे किसी पूराने और खाली हो चुके लोशन के डिब्बे में स्टोर कर सकते हैं। टैनिंग से बचने के लिए घर से निकलते समय इस सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना न भूलें। आप चाहें तो इसमें विटामिन ई कैप्सूल भी मिक्स कर सकते हैं।*

*इस सनस्क्रीन से मिलते हैं इतने फायदे एलोवेरा के अलावा इसमें इस्तेमाल की गई हर सामग्री हमारी स्किन के लिए काफी ज्यादा लाभदायक हैं। जैसे नारियल का ते हमारी त्वचा को नरिश करने का काम करता है। इसके अलावा पिपरमिंट ऑयल में मौजूद एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण, स्किन को कई तरह के बैक्टीरिया के कांटेक्ट में आने से रोकते हैं। साथ ही ये कील मुंहासों को कम करने में भी मददगार होता है।* ***शिया बटर के फायदे*** *बाकी चीजों की तरह शिया बटर भी हमारी त्वचा के लिए कई तरह से लाभकारी होता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेंट्री गुण और हीलिंग पावर होती है, जो रेडनेस और सूजन को कम करने में मदद करता है। ये आपकी स्किन में अब्सॉर्ब हो जाता है और बॉडी को स्मूथ और सॉफ्ट बनाने का काम करता है।*

# अक्षय तृतीया पर घर की इस दिशा में लगाएं शीशा, वास्तु शास्त्र के इन 5 उपायों को आजमा लेंगे तो पैसों के साथ बढ़ता जाएगा गोल्ड




*अक्षय तृतीया माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए सबसे अच्छा दिन माना जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 10 मई, शुक्रवार के दिन है। वास्तु शास्त्र में अक्षय तृतीया के लिए विशेष उपाय बताए गए हैं, जिन्हें आजमाकर न सिर्फ आपको धन लाभ होता है बल्कि आपके आपके जीवन मे सोने-चांदी जैसी कीमती चीजें भी बढ़ती जाती हैं। आइए, जानते हैं अक्षय तृतीया के लिए वास्तु शास्त्र के उपाय। अक्षय तृतीया पर घर की इस दिशा में लगाएं शीशा, वास्तु शास्त्र के इन 5 उपायों को आजमा लेंगे तो पैसों के साथ बढ़ता जाएगा गोल्ड*

*अक्षय तृतीया को धन और सोने-चांदी से जोड़कर देखा जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 10 मई, शुक्रवार के दिन है। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर माता लक्ष्मी और कुबेर को प्रसन्न करने से आपके जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती। वास्तु शास्त्र के अनुसार आप अगर अक्षय तृतीया पर वास्तु से जुड़े उपाय करते हैं, सोना बढ़ता जाता है और आपको धन, सोने-चांदी जैसी कई और भी कीमती वस्तुएं प्राप्त होती हैं।* ***सोने के गहने इन दिशाओं में रखें*** *वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सोने के गहनों को दक्षिण-पश्चिम हिस्से में रखना चाहिए, इससे आपके जीवन में गहनों की वृद्धि होती है। वहीं, आपको आर्थिक हानि से बचने के लिए आपको सोने को घर की उत्तर-पश्चिम कोने में रखने से बचें।*

***तिजोरी और अलमारी का दरवाजा इस दिशा में रखें*** *आप अगर अपने जीवन में गोल्ड को बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको अलमारी और तिजोरी को इस दिशा में रखना चाहिए कि जब भी आप उस अलमारी या तिजोरी को खोलें, तो इसका दरवाजा उत्तर दिशा की ओर खुले, इससे जीवन में लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।*

***पैसों की अलमारी पर स्वास्तिक बनाएं*** *वास्तु शास्त्र के अनुसार आप जिस भी अलमारी में पैसे रखते हैं, उस अलमारी के ऊपर हमेशा हल्दी या रोली से स्वास्तिक बनाकर रखें। इससे माता लक्ष्मी और धन कुबेर की कृपा आप पर बनी रहती है।*

***उत्तर दिशा में लगाएं शीशा*** *वास्तु शास्त्र में शीशे को सकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन शीशे में दरार नहीं होनी चाहिए, वरना आपका सौभाग्य दुर्भाग्य में बदल सकता है। अक्षय तृतीया के दिन आपको घर की उत्तर दिशा में शीशा जरूर लगाना चाहिए।*

***अपने पर्स में रखें चांदी का सिक्का*** *आप अगर चाहते हैं कि आपके जीवन में कभी भी धन की कमी न हो, तो इसके लिए आपको अक्षय तृतीया के दिन आपको पर्स में एक चांदी का सिक्का जरूर रखना चाहिए। इससे आपका पर्स कभी भी खाली नहीं होगा और आप पर हमेशा लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी।*

# हार्दिक पंड्या की ऊपर शिकायत, सीनियर प्लेयर्स ने उठाए सवाल, मिट्टी में मिल गई मुंबई इंडियंस की इज्जत



**मुंबई इंडियंस के अधिकारियों ने कहा कि फ्रेंचाइजी हर साल की तरह सीजन का जायजा लेगी और जरूरत पड़ने पर टीम के भविष्य पर फैसला लेगी। जानकारों की माने तो हार्दिक पंड्या को अंबानी परिवार का बैक सपोर्ट है, खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम उनके साथ बने रहेगी।**

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से बाहर होने वाली पहली टीम बन चुकी है। पांच बार चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला बैकफायर कर गया। अब मुंबई खेमे से जो खबर आ रही है वो फैंस के लिए परेशान करने वाली है। पता चला है कि मुंबई इंडियंस के सीनियर सदस्यों ने कप्तान हार्दिक पंड्या की लीडरशिप में टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम के प्रमुख खिलाड़ियों ने कोचिंग स्टाफ को बताया कि ड्रेसिंग रूम में संवाद की कमी थी और इसका कारण हार्दिक का कप्तानी का स्टाइल था। **इन प्लेयर्स ने की शिकायत** इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के अनुसार जानकार लोगों ने बताया कि खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ एक मैच के बाद मिले थे। बैठक का हिस्सा बनने वाले भारतीय सितारों में एमआई के पुराने खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह शामिल थे। लंच के दौरान, उन्होंने अपने विचार रखे और टीम के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारणों की ओर इशारा किया। यह भी पता चला है कि बाद में कुछ वरिष्ठों और टीम मैनेजमेंट प्रतिनिधियों के बीच आमने-सामने बातचीत हुई।


**तिलक वर्मा केस का जिक्र** हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स से हार के बाद 'मैच जागरूकता' की कमी के लिए टीम के टॉप स्कोरर तिलक वर्मा पर उंगली उठाई थी। पंड्या ने कहा था, 'जब अक्षर पटेल गेंदबाजी कर रहे थे तो तिलक को उन्हें निशाने पर लेना था। मुझे लगता है कि यह बस खेल के प्रति थोड़ी जागरूकता थी, जिसे हम चूक गए। दिन के अंत में, इसके कारण हमें गेम गंवाना पड़ा।'

**हार्दिक को मैनेजमेंट का साथ** दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने कहा कि यह लीडरशिप का संकट नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत है कि जो टीम पिछले 10 साल से रोहित की कप्तानी की आदी थी, वह अभी भी नेतृत्व परिवर्तन के साथ तालमेल बिठा रही है। उन्होंने कहा, 'नेतृत्व परिवर्तन का सामना करने वाली टीम के लिए ये नियमित शुरुआती समस्याएं हैं। खेलों में ऐसा हमेशा होता रहता है।' **दो गुट में बंटी मुंबई इंडियंस?** क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने भी मुंबई इंडियंस में इस सीजन चल रही गड़बड़ी इस सीजन में एमआई के बारे में कुछ गड़बड़ है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने तो यहां तक कह दिया कि फ्रेंचाइजी गुटों में बंटी हुई नजर आ रही है। क्लार्क की माने तो, 'मुझे लगता है कि उस चेंजिंग रूम के अंदर अलग-अलग समूह हैं और कुछ काम नहीं कर रहा है। वे एक साथ मेल नहीं खा रहे हैं, वे एक टीम के रूप में नहीं खेल रहे हैं।

# गेंदबाजों की छाती पर तांडव कर रहा युवराज सिंह का चेला, T20 वर्ल्ड कप में नहीं चुनना भारत की बड़ी गलती?

**एक ओर जहां युवराज सिंह टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के ब्रांड एम्बेसडर हैं तो दूसरी ओर उनका एक शिष्य आईपीएल 2024 में उन्हीं के अंदाज में कोहराम मचा रहा है। जी हां, हम बात कर रहे हैं अभिषेक शर्मा की। युवी ने हालांकि कहा कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन मौजूदा फॉर्म देखकर लग रहा है कि भारत ने उन्हें नहीं चुनकर बड़ी गलती की है। गेंदबाजों की छाती पर तांडव कर रहा युवराज सिंह का चेला, T20 वर्ल्ड कप में नहीं चुनना भारत की बड़ी गलती?**

**हैदराबाद**






राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार की रात सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने जो धूम धड़ाका मचाया कि लखनऊ सुपर जायंट्स की आंखें चौंधिया गईं। दोनों ने मिलकर ऐसी विध्वंसक बैटिंग की कि जिस 164 रन को बनाने में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 3 विकेट गंवाए और 20 ओवर लिए उसे सिर्फ 9.4 ओवर में ही पूरा कर लिया। इसमें कोई शक नहीं कि हेड जबरदस्त बल्लेबाज हैं और मैच का रुख पलटना बखूबी जानते हैं, लेकिन देसी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा जिस अंदाज में उनसे कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं वह भारतीय क्रिकेट के लिए किसी गिफ्ट से कम नहीं है।

**अभिषेक शर्मा की बैटिंग से हर काई हैरान है** हेड ने क्रिकेट का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 16 गेंदों में अर्धशतक जमाया। वह अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए सिर्फ 33 गेंदों में 89 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि शर्मा 28 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे। हेड ने युवा भारतीय बल्लेबाज की स्पिन खेलने की क्षमता और साझेदारी के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने मैच के बाद कहा- बहुत मजा आया, अभि (अभिषेक शर्मा) और मेरी अच्छी साझेदारियां रही हैं। इसे पूरा करना अच्छा बहुत अच्छा लगा।

देखा जाए तो यह मैच पहले पावर प्ले में ही खत्म हो गया था। हैदराबाद के स्कोरबोर्ड पर 107 रन थे, जबकि अभिषेक शर्मा 18 गेंदों में 46 और ट्रैविस हेड 18 गेंदों में 58 रन बनाकर खेल रहे थे। अगले 3-4 ओवर में बचे रन भी बना लिए। इस तरह इस गेम के खत्म होने के साथ ही एक अलग तरह की चर्चा इस बात पर हो रही है कि अभिषेक शर्मा को टी-20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं चुनकर भारत ने बड़ी गलती की। हार्ड हिटिंग स्किल वाले अभिषेक जैसी फॉर्म भारतीय टीम में सिलेक्टेड किसी भी बल्लेबाज की फॉर्म नहीं है। युवराज सिंह की ट्रेनिंग में क्रिकेट का ककहरा सीखने वाले अभिषेक इस आईपीएल सीजन से पहले अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम में पृथ्वी शॉ और शुभमन गिल के साथ थे। वह पृथ्वी शॉ के साथ ओपनिंग करते थे और टीम राहुल द्रविड़ की कोचिंग में विश्व विजेता बनी थी। अगर यहां राहुल द्रविड़ी वाली कोचिंग में एक बार फिर मौका मिलता तो शायद यहां भी अभिषेक पुराना वाला इतिहास दोहरा सकते थे। हालांकि, पृथ्वी शॉ और शुभमन गिल भी विश्व कप की मेन टीम से बाहर हैं। **गेंदबाजों की छाती पर तांडव कर रहा है यह बल्लेबाज** इसी मैदान पर वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 16 गेंदों में हाफ सेंचुरी भी लगा चुके हैं। यह हैदराबाद के लिए किसी भी बल्लेबाज की ओर से लगाई गई सबसे तेज हाफ सेंचुरी भी है। यही नहीं, अभिषेक ने इस सीजन में 12 मैचों की 12 पारियों में 401 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 36.45 है, जबकि स्ट्राइक रेट 205.64 है। उनका स्ट्राइक रेट इस सीजन में 350 रन से ज्यादा बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे अधिक है। यहां तक कि हेड भी उनसे पीछे हैं। उनके नाम 30 चौके और 35 छक्के दर्ज हैं। इससे पता चलता है कि वह कितनी विध्वंसक फॉर्म में हैं।

# केएल राहुल को बेइज्जत करने वाले संजीव गोयनका पर फूटा गुस्सा, क्रिकेट फैंस ने हेकड़ी निकाल दी



**आईपीएल के 2024 संस्करण में लखनऊ सुपर जाइंट्स के सनराइजर्स हैदराबाद से शर्मनाक हार के बाद फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका बेहद निराश दिखे और उन्होंने अपनी निराशा कप्तान केएल राहुल पर निकाली। अब सोशल मीडिया पर गोयनका के व्यव्हार पर बहस छिड़ गई है।**

**हैदराबाद**

कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 98 रन की हार झेलने के बाद अब बीती रात सनराइजर्स हैदराबाद ने 62 गेंद पहले लखनऊ सुपरजायंट्स को 10 विकेट से रौंद दिया। लगातार दो हार के बाद अब टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। टूर्नामेंट ऐसे नाजुक मौके पर खड़ा है, जहां एक हार और खेल खत्म, वहां लखनऊ सुपरजायंट्स का ऐसा लचर प्रदर्शन देखकर टीम के मालिक संजीव गोयनका बुरी तरह भड़क गए। मैच के बाद उन्होंने कप्तान केएल राहुल को बुरी तरह फटकार लगाई। इस दौरान गोयनका बेहद गुस्से में नजर आ रहे थे। इस पूरी बातचीत के दौरान केएल राहुल असहज नजर आ रहे थे, उनके चेहरे पर निराशान साफ देखी जा सकती थी। इस बीच जैसे ही टीम के हेड कोच जस्टिन लैंगर पहुंचे, राहुल वहां से निकल गए। अब सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका को अपने रवैये के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों का मानना है कि निराशा दिखाने और खिलाड़ियों से बात करने का एक तरीका होता है, जिसका ध्यान नहीं रखा गया। अब खराब प्रदर्शन के बावजूद लोग सोशल मीडिया पर केएल राहुल के सपोर्ट में उतर आए हैं और गोयनका को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। ट्वीट किया, 'IPL का मामला - LSG के मालिक संजीव गोयनका ने LSG के बुरी तरह हारने पर KL राहुल से अपमानजनक व्यवहार किया,धन्ना सेठ गोयनका खेल भावना भूल गये,बड़ी बड़ी हार के बाद भी आजतक किसी मालिक ने ऐसी बेहूदी हरकत नहीं की, लानत है !!'





# IPL टीम के मालिक ने महान न्यूज़ीलैंड बल्लेबाज को मारा था चांटा, 0 पर आउट होने की मिली थी सजा

राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल 2011 का सीजन खेलने वाले न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेसर को शून्य पर आउट होने के बाद फ्रेंचाइजी के कई मालिकों में से एक ने झापड़ मार दिया था। इस बात का खुलासा कुछ साल पहले टेलर ने अपनी आत्मकथा में किया।

**नई दिल्ली**

लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने तो खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान केएल राहुल को सिर्फ फटकार ही लगाई है, एक दिग्गज विदेशी को तो झापड़ तक मार दिया गया था। जी हां! चौंकिए मत ये सच है। न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज रॉस टेलर के साथ यह घटना आईपीएल 2011 में हुई थी। इसका खुलासा खुद रॉस टेलर ने अपनी आत्मकथा, रॉस टेलरः ब्लैक एंड वाइट में की है। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मोहाली में हार के बाद उनके साथ हाथापाई की गई थी, हालांकि रॉस टेलर ने उस मालिक का नाम नहीं बताया, जिसने उनके साथ बदतमीजी की।

एक के बाद एक चार झापड़

टेलर ने अपनी किताब में लिखा है, '195 रन का पीछा करना था, मैं शून्य पर LBW आउट हो गया और हम करीब नहीं पहुंच पाए। बाद में टीम, सपोर्ट स्टाफ और मैनेजमेंट होटल की सबसे ऊपरी मंजिल पर बार में थे। लिज हर्ले वहां शेन वॉर्न के साथ थीं। इसी दौरान राजस्थान रॉयल्स के मालिकों में से एक ने मुझसे कहा, 'रॉस हमने डक पर आउट होने के लिए तुम्हें एक मिलियन डॉलर का भुगतान नहीं किया है और मेरे चेहरे पर तीन या चार बार थप्पड़ मारे। वह हंस रहा था। भले ही वह झापड़ जोर से नहीं मारे गए थे, लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि यह पूरी तरह से नाटक था। मैं इसे मुद्दा नहीं बनाऊंगा, लेकिन मैं कई पेशेवर खेल परिवेशों में ऐसा होने की कल्पना नहीं कर सकता।'

रॉस टेलर ने साल 2011 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 12 मैच में 119 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 181 रन बनाए थे, इसके बाद दिल्ली डेयरडेविल्स और पुणे वॉरियर्स इंडिया के लिए उन्होंने तीन सीजन और खेले। इस बारे में राजस्थान रॉयल्स की ओर से आजतक कोई प्रतिक्रिया या सफाई नहीं आई। 2008 से 2010 तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में तीन साल बिताने के बाद, टेलर ने 2011 में राजस्थान रॉयल्स के लिए एक सीजन खेला था, तब उन्हें ऑक्शन में एक मिलियन अमरीकी डॉलर में खरीदा गया था। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में कुल 55 मैच खेले जिसमें सिर्फ 1017 रन ही बना पाए। 2014 उनका आखिरी सीजन साबित हुआ। राजस्थान रॉयल्स का मालिक कौन है?2008 में खेले गए ओपनिंग सीजन में चैंपियन बनने वाली राजस्थान रॉयल्स टीम का मालिकाना हक जयपुर आईपीएल क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड, जो कि व्यावसायिक संस्थाओं का एक संघ था। 2021 में ग्लोबल निवेशकों से पैसे लाकर मनोज बडाले ने अपनी हिस्सेदारी 32.5% से 65% तक बढ़ा ली और अब वह रॉयल्स फ्रैंचाइजी के प्रमुख मालिक बन गए है। इसके अलावा, रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स ने रॉयल्स में 15% हिस्सेदारी खरीदी।

# रियल मैड्रिड UEFA चैंपियंस लीग के फाइनल में सेमीफाइनल के दूसरे लेग में म्यूनिख को 2-1 से हराया;1 जून को डॉर्टमंड से भिड़ंत



रियल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग (UCL) के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने 9 मई को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराया। इस तरह दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड ने 4-3 से फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल के पहले लेग में दोनों टीमों ने 2-2 गोल किया था।

14 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड का सामना फाइनल में शनिवार 1 जून को वेम्बली में डॉर्टमंड से होगा। रियल मैड्रिड के लिए दोनों गोल जोसेलु ( जोस लुइस माटो ) ने किया। वहीं म्यूनिख के लिए एक मात्र गोल डेविस ने किया।

**बायर्न म्यूनिख के डेविस ने किया पहला गोल** दोनों टीमें हाफ टाइम तक बराबरी पर थीं। मैच के 68वें मिनट में म्यूनिख के डेविस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी और फाइनल के लिए राह आसान कर दिया। उन्होंने सेंटर सर्कल में साथी खिलाड़ी केन के बायीं ओर से दिए पास को गोल में तब्दील कर टीम को मैच में आगे कर दिया।

**जोसेलु के गोल कर लेकर रहा विवाद** वहीं मैच के 88 वें मिनट में जोसेलु ने एंटोनियो रुडिगर के पास को गोल में तब्दील कर टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। जोसेलु के इस गोल को लेकर विवाद रहा। शुरुआत में गोल को ऑफ साइड करार दिया गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (VAR) ने गोल को सही करार दिया। वहीं उन्होंने टीम के लिए दूसरा गोल 91वें मिनट में किया और इस तरह रियल मैड्रिड इस मैच में म्यूनिख से 2-1 से आगे हो गया।

जोसेलु के पहले गोल को रेफरी ने ऑफ साइड करार दिया था। बाद VAR ने गोल को सही करार दिया।

**पहले लेग में स्कोर बराबरी पर था** वहीं पहले लेग के खेले गए सेमीफाइनल में दोनों टीमें ने 2-2 गोल किए थे। यह मैच 2-2 की बराबरी पर था। ऐसे में दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड के चार गोल हो गए, जबकि बायर्न म्यूनिख के 3 गोल रहा।

**कैसे दो लेग में होते है मुकाबले** राउंड ऑफ 16 से लेकर सेमीफाइनल तक के मुकाबले 2 लेग में खेले जाते हैं। एक-एक मैच दोनों क्लबों के घर में होते है। दोनों लेग में कुल मिला कर ज्यादा गोल करने वाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है।

**1955-56 से खेली जा रही है UEFA चैंपियंस लीग** दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग 'चैंपियंस लीग' का यह 32वां सीजन है। जिसका चैंपियन 10 जून को मिला जाएगा। लीग की शुरुआत 1955-56 में हुई थी। तब यूरोपियन यूनियन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (UEFA) द्वारा आयोजित लीग का नाम यूरोपियन चैंपियंस कप था। 1992 में नाम बदलकर UEFA चैंपियंस लीग कर दिया गया। हर सीजन इसमें 32 टीमें हिस्सा लेती है। इन टीमों को 8 ग्रुप में बांटा जाता है।

# KL Rahul को मैदान पर ही लताड़ने लगे LSG के मालिक संजीव गोयनका, सिर झुकाकर अपमानित होते रहे कप्तान

**IPL टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका सनराइजर्स हैदराबाद से 10 विकेट की करारी हार के बाद काफी गुस्से में लग रहे थे। गोयनका मैदान पर कप्तान केएल राहुल के साथ एक बातचीत करते नजर आए, इस दौरान उनके हावभाव से मामले की गंभीरता समझी जा सकती थी।**

आईपीएल 2024 में बीती रात सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर्स अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने एक अविश्वसनीय रन-चेज में लखनऊ सुपर जायंट्स को 10 विकेट की शर्मनाक हार थमा दी। इसके बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका काफी देर तक टीम डगआउट के पास कप्तान केएल राहुल से बात करते दिखे। गोयनका के चेहरे पर गुस्सा देखा जा सकता था। दोनों के बीच क्या बातचीत हुई यह तो सुनाई दे पाई, लेकिन वीडियो देखकर इतना तय है कि केएल राहुल की क्लास लगाई गई। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर फैंस आग-बबूला हो रहे हैं। **सोशल मीडिया पर जमकर बवाल** LSG के मालिक संजीव गोयनका का हार से बौखलाकर किसी इंटरनेशनल प्लेयर के साथ इस तरह का अपमानजनक व्यवहार समझ से परे है। गोयनका शायद खेल भावना भूल गए। वैसे यह पहला मौका है जब किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी की ओर से मैदान पर खिलाड़ियों के साथ इस तरह की बेहूदी हरकत की गई हो। अब खराब प्रदर्शन के बावजूद सोशल मीडिया पर लोग केएल राहुल के सपोर्ट में उतर आए हैं। **बंद कमरे की बातचीत दुनिया के सामने क्यों?** जब संजीव गोयनका और केएल राहुल की ये एनिमेटेड बातचीत का लाइव टेलिकास्ट किया जा रहा था तो ऑन एयर कमेंटेटर्स ने भी पूरे मामले पर अपनी राय रखी। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर स्कॉट स्टायरिश ने कहा, 'इस तरह की बातचीत हमेशा बंद दरवाजों के पीछे होनी चाहिए। बहुत सारे कैमरे हैं जो कुछ भी नहीं छोड़ते हैं। अब केएल राहुल प्राइज सेरेमनी और प्रेस कॉन्फ्रेंस जैसे कई कार्यक्रम में जाएंगे संभवतः वहां समझाएंगे कि क्या चर्चा हो रही थी, राहुल ने यहां खुद को शांत रख अच्छा काम किया है।' **केएल राहुल ने जमकर की गलतियां** टॉस का सिक्का केएल राहुल के पक्ष में गिरा तो उन्होंने बिना वक्त गंवाए पहले बैटिंग का फैसला लिया, इसके बाद अनुभवी पेसर भुवनेश्वर कुमार ने हैदराबाद का सारा प्लान बिगाड़ दिया। उन्होंने पावरप्ले में सात रन देकर दो विकेट निकाले। लखनऊ ने अपने पावरप्ले के इतिहास का सबसे कम स्कोर 27/2 बनाया। कप्तान केएल राहुल बहुत ज्यादा रक्षात्मक नजर आए, जिस कारण टीम 10वें ओवर में जाकर अपना टोटल 50 रन के पार पहुंचाया। इसी ओवर में राहुल आउट भी हो गए। उन्होंने 33 गेंद पर 29 रन बनाए। यह पहली बार था जब 30 प्लस गेंद खेलने के बाद भी उनका स्ट्राइक रेट 100 से नीचे रहा। युवा आयुष बडोनी ने 30 गेंद पर 55 रन तो अनुभवी निकोलस पूरन ने 26 गेंद पर 48 रन की नाबाद पारी की मदद से लखनऊ 165/4 का स्कोर खड़ा कर पाई, जिसे हैदराबाद ने सिर्फ 9.4 ओवर में बिना किसी विकेट गंवाए साध लिया।




# धोनी के साथ भी बुरा बर्ताव कर चुके हैं संजीव गोयनका, अचानक कप्तानी से निकाल दिया था



**एजेंसी।** कोलकाता के बिजनेस टाइकून संजीव गोयनका और IPL में लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका का अपनी टीम के कप्तान केएल राहुल के साथ एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गोयनका काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं। इस पूरे मामले के बाद धोनी की भी कहानी याद करनी चाहिए। दुनिया के सामने लाइव टीवी पर केएल राहुल को लताड़ने वाले बिजनेस टाइकून संजीव गोयनका अचानक चर्चाओं में आ चुके है। वैसे संजीव गोयनका का नाम क्रिकेट जगत के लिए कोई नया नहीं है। 2022 में बनी नई टीम लखनऊ की फ्रेंचाइजी खरीदने से पहले संजीव गोयनका 2016-17 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट टीम के मालिक थे। आईपीएल 2024 में संजीव गोयनका ने जिस तरह अपनी टीम के कप्तान केएल राहुल के साथ दुर्वव्यहार किया है, कभी एमएस धोनी के साथ भी इसी तरह की बदतमीजी कर चुके हैं। चलिए आपको पूरी कहानी सुनाते हैं। दरअसल, राइजिंग पुणे सुपरजायंट फ्रेंचाइजी का स्वामित्व आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के पास था, जिसका कंट्रोल कोलकाता के बिजनेसमैन संजीव गोयनका के पास था।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 लालगुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किन्नू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फो नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670